

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 30 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-270 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बड़ा ट्रेन हादसा टला हीराकुंड एक्सप्रेस की ट्रैक पर रखा था बड़ा सा पत्थर

**बिलासपुर 30 दिसंबर।** बिलासपुर से एक बड़ी खबर आ रही है। बिलासपुर कटनी रेल रूट पर बड़ा रेल हादसा टल गया है। अगर ट्रेन ड्राइवर ने ध्यान ना दिया होता, तो बड़ा हादसा होने से कोई रोक नहीं सकता था। जानकारी के मुताबिक एक युवक ने ट्रेन के ट्रैक पर पत्थर रखकर रोकने की कोशिश गयी। आरोपी को जवान ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिकट्रैक पर बड़ा पत्थर रखकर ट्रेन रोकने का प्रयास किया गया था। हादसे के वक्त उसी ट्रैक से हीराकुंड एक्सप्रेस गुजर रही थी। उसी दौरान ट्रेन के लोको पायलट की नजर ट्रैक पर पड़े पत्थर पर पड़ी, जिसके बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया। इस दौरान मौके पर एक युवक भी खड़ा दिखा। सीआरपीएफ की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम पवन सिंह है। आरोपी पेंड्रा का रहने वाला है। उससे पूछताछ चल रही है, हालांकि उसने ट्रैक पर पत्थर क्यों रखा? ये किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं था, मामले की जांच चल रही है।

### देश और छत्तीसगढ़ के लिए साल 2024 उपलब्धियों भरा रहा है : साव

**रायपुर,30दिसंबर।** उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने रायपुर आवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, देश और छत्तीसगढ़ के लिए साल 2024 उपलब्धियों भरा रहा है। इस साल एक तरफ जहां विकसित भारत के निर्माण की नींव रखी है। वहीं विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ पृष्ठभूमि तैयार की है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने, प्रधानमंत्री मोदी जी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम किया है। वहीं छत्तीसगढ़ में जो विकास का पहिया थम गया था, और उस विकास के पहिए को ट्रैक पर लाकर आगे बढ़ाने का काम हुआ है। इससे प्रदेश में उत्साह और उमंग का माहौल है। हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगी। प्रदेशवासियों को आने वाले नए वर्ष की बधाई देता हूं। बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर कांग्रेस उत्साहित है। इस सवाल पर श्री साव ने कहा कि, कांग्रेस विधानसभा चुनाव के समय भी उत्साहित थी, क्या हश्र हुआ, यह सभी जानते है। कांग्रेस को मुगालते में रहने की आदत है। जनता पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में विधानसभा लोकसभा चुनाव और रायपुर दक्षिण चुनाव की तरह आशीर्वाद देगी।

### पंजाब में किसानों का राज्यव्यापी बंद

**चंडीगढ़,30 दिसंबर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी समेत कई मांगों को लेकर पिछले 35 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की तबीयत बिगड़ती जा रही है।ऐसे में उनको समर्थन देने के लिए सोमवार को किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा ने पंजाब में राज्यव्यापी बंद बुलाया है।बंद के समर्थन में किसान सुबह से प्रमुख सड़कों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों पर जमा हो रहे हैं। इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पंजाब से गुजरने वाली शताब्दी और वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कुल 163 ट्रेन सोमवार को रद्द रहेंगी और कुल 220 ट्रेनें प्रभावित होंगी। किसान 50 जगह रेलवे ट्रैक जाम करेंगे।बंद शाम 4 बजे तक चलने की उम्मीद है। इस दौरान सभी स्कूल-कॉलेज भी बंद कर रहेंगे। हालांकि, पूरे राज्य में आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी।किसान संगठन राजमार्गों और लिंक सड़कों पर 200 से अधिक स्थानों पर चक्का जाम करेंगे, जिससे निजी और सरकारी बसें सड़कों पर नहीं दिखेंगी। किसानों के बंद को ट्रक चालकों ने अपना समर्थन दिया है, जिससे फल-सब्जी मंडी पर असर दिख सकता है।

# इसरो आज रचेगा इतिहास

### अंतरिक्ष में बुलेट की स्पीड से तेज दो स्पेसक्राफ्ट को जोड़ने लांच करेगा मिशन

**बेंगलुरु,30 दिसंबर।** इसरो आज रात श्री हरिकोटा अंतरिक्ष क्षेत्र से स्पेडेक्स मिशन की लॉन्चिंग करने जा रहा है. इसरो दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा. अगर इसरो इस मिशन में कामयाब हो जाता है तो भारत एक और इतिहास रचते हुए अमेरिका , रूस, चीन के बाद ऐसा करने वाला दुनिया का दूसरा चौथा देश बन जाएगा. इन उपग्रहों की लॉन्चिंग पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से होगी. दोनों उपग्रहों का मकसद अंतरिक्ष में जोड़ने और अलग करने डॉकिंग और अनडॉकिंग की तकनीक का परीक्षण करना है. इस मिशन में अंतरिक्ष में बुलेट की स्पीड से दस गुना ज्यादा तेजी से ट्रैवल कर रहे दो स्पेसक्राफ्ट को मिलाया जाएगा. अंतरिक्ष एजेंसी के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इसरो का रॉकेट ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी), दो उपग्रहों एसडीएक्स-एक और एसडीएक्स-दो को



476 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में स्थापित करेगा. इसके बाद इन उपग्रहों के माध्यम से 'स्पेस डॉकिंग एक्सपरिमेंट(स्पेडेक्स) जनवरी के पहले हफ्ते में होगी. एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 की डॉकिंग और अनडॉकिंग करवाई जाएगी, जो लो-अर्थ ऑर्बिट में एक साथ जुड़ेंगे. इस मिशन का दूसरा उद्देश्य यह साबित करना है कि डॉक किए गए उपग्रहों के बीच बिजली का ट्रांसफर कैसे किया जा सकता है. ये तकनीक अंतरिक्ष में रोबोटिक्स, डॉकिंग से अलग होने के बाद समग्र अंतरिक्ष यान नियंत्रण और पेलोड संचालन के लिए आवश्यक है.

बता दें कि एसडीएक्स 01 उपग्रह हाई रेजोल्यूशन कैमरा से लैस है. वहीं, एसडीएक्स02 में दो पेलोड मिनिएचर मल्टीस्पेक्ट्रल पेलोड और रेडियशन मॉनिटर (रेडमॉन) है. इसरो ने कहा कि ये पेलोड उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली तस्वीरें, प्राकृतिक संसाधन निगरानी, वनस्पति अध्ययन और कक्षा में विकिरण पर्यावरण माप प्रदान करेंगे, जिनका आगे मिशन में प्रयोग किया जा सकता है.

# सामाजिक समरसता की नींव पर खड़ा होगा भविष्य का भारत : भागवत

**रायपुर,30 दिसंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने सामाजिक समरसता को राष्ट्रीय चरित्र का मूलभूत तत्व बताया है. 30 दिसंबर को उन्होंने सामाजिक समरसता गतिविधि से जुड़े कार्यों पर स्वयंसेवकों व अधिकारियों से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन किया. इस अवसर पर डॉ मोहन भागवत ने कहा कि भारत में प्रत्येक गांव, तहसील व जिले में सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने वाली सज्जन शक्ति रहती है. उन्होंने हमेशा जाति, पंथ से ऊपर राष्ट्रीय हितों को रखा. यही वजह है कि 140 करोड़ भारतीय किसी भी धर्म, जाति, पंथ से क्यों न आते हों वह अपने राष्ट्रीय चरित्र को नहीं भूलते. देश में भाषा, वेशभूषा, पूजा पद्धति, उपासना के अलग-अलग आचरण करने वाले पंथ, जाति को भारतीयता की डोर एक सूत्र में पिरोये रखती है. आज राष्ट्रीय चरित्र की स्थापना के लिए सामाजिक समरसता की जड़ों को मजबूत करना होगा. उन्होंने कहा, मंदिर, जलाशय, शमशान आदि पर सभी जाति, पंथ, वर्गों का समान अधिकार है. यह कोई आज से है, ऐसा नहीं है. यह भारत का शाश्वत आचरण है. डॉ मोहन भागवत ने कहा, हमारी ज्ञान परंपरा कहती है, हिन्दवः सोदरा- सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत्, मम दीक्षा धर्म रक्षा, मम मंत्र समानता. अर्थात हम सभी हिन्दू भाई-भाई हैं, कोई हिन्दू पतित नहीं हो सकता. भारतीय जीवन मूल्यों में सामाजिक समरसता के दर्शन होते हैं, आज आवश्यकता इस बात की है कि हम ऐसे ऋषि मुनियों, सन्त व हुतात्माओं के चिंतन व दर्शन को आत्मसात करें. उन्होंने कहा, समाज में नकारात्मक शक्तियां प्रत्येक कालखण्ड में हुई हैं किंतु समाज ने अपनी एकता, अखण्डता से हमेशा समाज के अनुकूल व्यवस्था का निर्माण किया.



# अल्लू अर्जुन के खिलाफ छत्तीसगढ़ में शिकायत

**रायपुर,30 दिसंबर।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का बुखार लोगों के सिर से उतर नहीं रहा है। इस बीच लगातार विवाद की भी खबरें सामने आ रही है। वहीं ताजा मामला अब छत्तीसगढ़ से सामने आया है। इस बार अब फिल्म में दिखाए गए कई दृश्य, शब्दों और किरदारों को लेकर आपत्तियां की है। एसपी के पास पहुंच शख्स ने सेंसर बोर्ड, फिल्म डायरेक्टर और अभिनेता अल्लू अर्जुन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दरअसल गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के रहने वाले श्रीराम सेना के अध्यक्ष महर्षि गौतम ने आज एसपी कार्यालय पहुंचकर फिल्म पुष्पा 2 के अभिनेता अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महर्षि गौतम ने फिल्म में दिखाए गए दृश्य और किरदारों पर आपत्ति जताते हुए इसे पुलिस का अपमान बताया है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन पत्र सौंपा है। गृहमंत्री को लिख पत्र में शख्स ने कहा कि फिल्म पुष्पा-2 में एक आईपीएस अधिकारी को बहुत ही गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जो कि आईपीएस जैसे पद की गरिमा और उनकी छवि को धूमिल कर रहा है। यही नहीं, फिल्म में आईपीएस अधिकारी को स्विमिंग पूल में गिराकर उसमें पेशाब करने जैसे दृश्यों का इस्तेमाल किया गया है, जो कि बेहद आपत्तिजनक है।

# बेंजामिन नेतन्याहू की तबीयत बिगड़ी

**गाजा,30 दिसंबर।** हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह से युद्ध के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तबीयत बिगड़ गई है। इजराइली प्रधानमंत्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लगातार बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती होना पड़ा है। अस्पताल में भर्ती होने से पहले उन्होंने यारीव लेविन को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया है। दरअसल इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू (75 साल) प्रोस्टेट की समस्या से जूझ रहे थे। उसकी सर्जरी कराने के लिए रविवार को अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टरों के मुताबिक नेतन्याहू के यूरिन ट्रैक में इंफेक्शन हो गया था, जिस वजह से उनके प्रोस्टेट में दिक्कत आ गई थी। ताजा अपडेट के मुताबिक इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्रोस्टेट की सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। इस बात की जानकारी इजरायली PMO ने दी है। नेतन्याहू सर्जरी के बाद होश में आ गए हैं और वो अच्छी स्थिति में हैं।



हालांकि, कुछ दिनों तक वो रिकवरी अस्पताल में डॉक्टर की देख रेख में रहेंगे। इस बीच जब तक नेतन्याहू अस्पताल में रहेंगे तब तक उनके करीबी सहयोगी यारीव लेविन, जो उनकी सरकार में उप प्रधानमंत्री और न्याय मंत्री भी हैं, वो कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में काम करेंगे। बीते एक साल के अंदर नेतन्याहू की ये दूसरी सर्जरी है. इसके पहले मार्च महीने में नेतन्याहू की हर्निया की सर्जरी की गई थी। इसके साथ ही डॉक्टरों की सलाह के बाद उनके शरीर में पेसमेकर भी लगाया गया था। नेतन्याहू ने सामान्य एनेस्थीसिया के तहत हर्निया की सर्जरी करवाई थी। इस दौरान भी इजरायल के उप प्रधानमंत्री और न्याय मंत्री यारिव लेविन ने अस्थायी रूप से प्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला था। जुलाई 2023 में, नेतन्याहू को डिहाइड्रेशन का अनुभव करने के ठीक एक सप्ताह बाद एरिथमिया से पीड़ित होने के बाद पेसमेकर लगवाने के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# छत्तीसगढ़ में बोरवेल की खुदाई के बाद निकली गैस

**सूरजपुर,30 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है. आमतौर पर लोग पानी की कमी पूरी करने के लिए बोरवेल की खुदाई करवाते हैं. लेकिन जरा सोचिए, क्या होगा जब बोरवेल से पानी की जगह गैस निकले और उससे लगने वाली आग की लपटें आपको डराने लगे. सूरजपुर के बोरवेल की खुदाई के बाद जमीन के अंदर पानी के साथ-साथ प्राकृतिक ज्वलनशील गैस निकलने लगी. इसे चेक करने के लिए ग्रामीणों ने माचिस की तिली जलाकर देखी तो बोरवेल के अंदर से आग निकलने लगी. आग की लपटें इतनी भयानक थी कि उसे देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई. घटना ओंड़गी ब्लॉक के चिकनी गांव की है. दरअसल, चिकनी गांव में एक ग्रामीण के खेत में बीते दो दिनों से बोरवेल की खुदाई का काम चल रहा था. बीती रात जब काम पूरा हुआ तो बोरवेल मशीन से के लौटते ही अचानक बोरिंग के अंदर से गैस निकलने लगी. इसके बाद ग्रामीणों ने कपड़े की मदद से आग को बुझाने को प्रयास किया. काफी कोशिशों के बाद गीले कपड़े को डालने से आग बुझी, लेकिन गैस रिसाव की समस्या अभी भी बनी हुई है. गैस रिसाव चेक किए जाने पर आज फिर से पानी के साथ-साथ बोरवेल से आग की लपटें बाहर आती दिखाई दे रही हैं.

# देश तभी बचेगा जब यहां से धर्म विद्रोही से दूर भागेंगे : सतानंद

**बलरामपुर,30 दिसंबर।** वृदांवन धाम के प्रसिद्ध कथावाचक सतानंद महाराज इन दिनों छत्तीसगढ़ में है. वे बलरामपुर में 15 दिन की दिन की जनजागृति के लिए यात्रा पर निकले हुए हैं. इस दौरान सतानंद महाराज ने धर्मांतरण को लेकर बड़ा दिया है. उन्होंने छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधान रहने के लिए कहा है. कथावाचक सतानंद महाराज ने कहा कि देश बचेगा तभी हम सब सुरक्षित रहेंगे, और यह तभी संभव है जब धर्म विद्रोही देश से दूर भागेंगे. छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत में धर्मांतरण और जिहाद से समाज में गंभीर स्थिति उत्पन्न हो रही है. उन्होंने दावा किया कि यह प्रक्रिया विभिन्न तरीकों से की जा रही है, जिसमें लोगों को दाल-चावल, भूतप्रेत और शिक्षा को लेकर लुभावने का प्रयास करते हैं. उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोग अपनी धार्मिक आस्थाओं और सामाजिक लाभों के बीच दोहरा व्यवहार कर रहे हैं. महाराज ने जोर देकर कहा कि इस प्रकार का विरोधाभास समाज में अस्थिरता का कारण बनता है और इसे रोकने की आवश्यकता है. कथावाचक सतानंद महाराज ने वनक्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि बहला-फुसला कर उनका धर्म परिवर्तन कर देते हैं. आप प्राकृतिक के उपासक हो, आपसे सावधान रहने की अपील है. वहीं देश के समस्त साधुओं से उन्हें अपील करते हुए कहा कि गांव नगर जंगल जाकर जन जागरूकता का कार्य करें, अगर ऐसा होता है तो साल 2 साल के अंदर भारत हिंदू राष्ट्र की ओर अग्रसर हो जाएगा.



### 'न्यू ईयर मनाना गर्व की बात नहीं'; फतवा जारी

**नई दिल्ली,30 दिसंबर।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात की तरफ से फतवा जारी किया गया है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के युवक और युवतियों से न्यू ईयर नहीं मनाने के लिए कहा गया है। साथ ही बधाई देने तक की भी मनाही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी बरेलवी का कहना है कि यह न्यू ईयर का मतलब अंग्रेजी वर्ष की शुरुआत को माना जाता है। इसमें मुस्लिम समुदाय से न्यू ईयर के जश्न में शामिल नहीं होने की अपील की गई है। रजवी ने कहा, जो युवक और युवतियां न्यू ईयर मनाते हैं, उनके लिए इस फतवे में कहा गया है कि न्यू ईयर को मनाना कोई गर्व की बात नहीं है।

# इमामों ने केजरीवाल के घर को घेरा

**नई दिल्ली,30 दिसंबर।** ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के प्रमुख साजिद रशीदी ने कहा कि वह अपने वेतन के भुगतान के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलेंगे। उन्होंने दावा किया कि इमामों को पिछले 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के प्रमुख ने दिल्ली सरकार से विधानसभा चुनाव से पहले वक्फ बोर्ड को पैसा जारी करने का आग्रह किया।

रशीदी के हवाले से कहा गया कि इमामों को पिछले 17 महीनों से उनका वेतन नहीं मिला है, इसलिए हम दिल्ली सरकार को चुनाव से पहले वक्फ बोर्ड को यह पैसा जारी करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि एमसीसी लागू होने के बाद पूरी प्रक्रिया रुक जाती है। उन्होंने आगे कहा कि वे इसके लिए दिल्ली की सीएम आतिशी, एलजी के साथ-साथ वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। अगर उन्होंने अब हमें जवाब नहीं दिया तो हम यहीं धरने पर बैठ जाएंगे और तब तक नहीं उठेंगे जब तक हमें हमारा वेतन नहीं मिल जाता। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड में वर्तमान में कोई सीईओ नहीं है, जिससे वेतन वितरण में और देरी हो सकती है। रशीदी ने दिल्ली सरकार से जल्द



से जल्द एक पूर्णकालिक सीईओ नियुक्त करने का भी आग्रह किया ताकि इमामों का वेतन न रोका जाए। इससे पहले, रशीदी ने उल्लेख किया था कि लगभग 250 इमाम परेशान हैं और उनका वेतन केवल ?18,000 प्रति माह है। हम अपना 17 महीने से लंबित वेतन जारी करने की मांग को लेकर यहां आये हैं। इससे करीब 250 इमाम

# रेत का अवैध परिवहन करते 12 वाहन जब्त

**अभनपुर,30दिसंबर।** रायपुर खनिज विभाग ने रेत के अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. अभनपुर क्षेत्र में बिना रॉयल्टी पर्ची के रेत का अवैध परिवहन करते 12 वाहनों को पकड़कर कार्रवाई की गई है. खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त वाहनों से लगभग 3 लाख 28 हजार रुपए की अर्थदंड जमा कराई जाएगी. बता दें कि गोबरा नवापारा क्षेत्र के ग्राम पारागांव में कोलियरी एवं पारागांव के मध्य स्थित अटल चौक वाली रास्ते से महानदी की सीना लगातार छलनी की जा रही है. पिछले कई दिनों से 3-4 पोकलेन मशीनों से लगातारअवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है. कुछ दिन पहले भी कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर बिना रॉयल्टी पर्ची के खनिजों का अवैध परिवहन करते 21 वाहनों को जब्त कर जुर्माना लगाया गया था. इन जब्त वाहनों से जुर्माना भी जमा कराया गया.



# पिछड़ा वर्ग समाज के आव्हान पर बस्तर संभाग बंद

### लोगों ने किया चक्काजाम, प्रमुख चौक- चौराहों पर पुलिस बल तैनात

**जगदलपुर,30 दिसंबर।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में पिछड़ा वर्ग समाज प्रदेश इकाई के द्वारा नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण अधिकार प्राप्त करने की मांग को लेकर विगत दिनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल , मुख्यमंत्री के नाम का बस्तर कमिश्नर व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन का किसी भी प्रकार का समाधान नहीं मिलने पर आज सोमवार 30 दिसंबर को बस्तर बंद का आव्हान करते हुए नगर वासियों, व्यापारियों से सहयोग मांग रही है। आपको बता दें कि पिछड़ा वर्ग समाज अपने आरक्षण मांगों के ऊपर ध्यान आकर्षित करते हुए पूरे बस्तर संभाग में चक्काजाम कर बंद का आव्हान किया है, जिसका अच्छा खासा व्यापक असर जगदलपुर



शहर में दिखाई दे रहा है, हालांकि इस बंद को बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अपना समर्थन नहीं दिया है। लेकिन आज सुबह से ही पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों के द्वारा जगदलपुर नगर में रैली निकालकर सभी व्यापारी बंधुओ से सहयोग मांगा रहे है। खबर लिखे जाने तक पूरे शहर में शांतिपूर्ण ढंग से बंद का समर्थन मिल रहा है किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना अभी तक नहीं हुई है। सुरक्षा के मद्दे नजर नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात है।

# सीएम योगी के आवास के नीचे भी शिवलिंग:अखिलेश

**लखनऊ,30 दिसंबर।** संभल में चल रही खुदाई के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कटाक्ष किया। सीधे तौर पर सीएम का नाम लिए बिना यादव ने कहा कि चूंकि खुदाई का काम चल रहा है, इसलिए मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री आवास पर भी एक शिवलिंग है। हमें विश्वास है कि वहां शिवलिंग है। हम सभी को इसकी खुदाई की तैयारी करनी चाहिए। यादव की यह टिप्पणी तब आई है जब संभल में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संरचनाओं की खोज के लिए उत्खनन प्रयास जारी हैं। चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में, एक अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान 125-150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर में फैली एक बावड़ी का पता चला था। यह खोज 13 दिसंबर को संभल में भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के कुछ ही दिनों बाद हुई, जो 46 वर्षों से बंद था। बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल के दौरान निर्मित बावड़ी से एक मंदिर के कुएं के अंदर दो क्षतिग्रस्त मूर्तियाँ भी मिलीं। इन निष्कर्षों ने क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत पर नए सिरे से ध्यान आकर्षित किया है। उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि वे अपने वोट बैंक को साधने के लिए बयान दे रहे हैं। उनका मुस्लिम वोट बैंक खिसक ना जाए इसलिए वे इस प्रकार के अनर्गल बयान दे रहे हैं।

### आधुनिक खेलकूद स्पर्धाओं में सम्मान के साथ-साथ उचित इनाम राशि होनी चाहिए

jasclaudius@gmail.com

# सिर्फ शौक के लिए नहीं, खेलें कैरियर बनाने के लिए

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए मनुष्य द्वारा समय के आगे बढ़ने के साथ-साथ तरह-तरह के बदलाव किए जाते रहे हैं। पहले पहल घर पर अभ्यास करके शरीर को चुस्त दुरुस्त रखा जाता था। फिर समाज में किसी एक स्थल को केंद्र बनाकर सामूहिक रूप से शरीर को सुगठित बनाया जाता रहा है। अब तो व्यक्तिगत जिम, क्लब तथा ओपन जिम का जमाना आ गया। पहले की अपेक्षा मानव अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए गंभीर है। खिलाड़ी फिट है तो उसमें स्टेमिना है तो खेल कोई भी उसकी लोकप्रियता बढ़ते जाती है। जैसे कि आज के आधुनिक भारत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सबसे अमीर बोर्ड है। 2024 के अंत तक इनके पास 20,686 करोड़ रुपये नेटवर्थ है। पिछले वर्ष बीसीसीआई ने 4193 करोड़ रुपये कमाये हैं। यह हाल हमारे देश के सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड का है जिसमें खिलाड़ियों को सालाना 30 से 50 करोड़ रुपये अधिकारिक तौर पर दिये जाते हैं। परंतु जब हम दूसरे खेलों के विजेताओं के पुरस्कार राशि की जानकारी प्राप्त करेंगे तो यकीन नहीं होता कि विदेशी खिलाड़ी इतनी राशि प्राप्त करते हैं। अभी हाल ही में यूक्रेन के मुक्केबाज ने दोबारा विश्व हैवीवेट चैंपियन बनने का श्रेय प्राप्त किया है। आज के युग में आपसी प्रतिस्पर्धा इतनी बढ़ गई है कि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसको अपने क्षेत्र में शारीरिक या मानसिक रूप से पराजय मिले। खेल की दुनिया में दमखम (स्टेमिना) और चुस्त-दुरुस्त (फिट) होने का विशेष महत्व है। विशेषकर मुक्केबाजी, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबाल, रग्बी, बेसबाल, बास्केटबाल, क्रिकेट, एथलेटिक्स आदि कुछ ऐसे खेल हैं जिनकी स्पर्धाओं में लाखों रुपये इनाम राशि के रूप में वितरित किए जाते हैं। इस दिशा में टेनिस, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, रग्बी, क्रिकेट आदि कुछ ऐसे खेल हैं जो प्रतियोगिता के विजेता होने पर लाखों रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जाते हैं। उन्हें इस टाइटिल पर कब्जा जमाने के लिए 960 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त हुई। एक बाउट में इतनी राशि की कल्पना किसी भी खेल में नहीं की जा सकती लेकिन इस ऊचाई पर पहुंचने के लिए यूक्रेन के मुक्केबाज अलेक्जेंडर उस्यक ने 23 बाउट लड़ी सभी में जीत हासिल की। हम कह सकते हैं कि अलेक्जेंडर ने अपने शरीर को बाउट के वास्ते फिट रखने के लिए कितना त्याग नहीं किया होगा? खेल में अकूत धन है। फुटबाल में 2025 के लिए यूरो कप के लिए इनामी राशि 365 करोड़ है। महिला विजेता टीम को 45.43 करोड़ रुपये तथा योग्यता हासिल करने वाली प्रत्येक टीम को 16.16 करोड़ दिये जाएंगे। हमारे देश में परिस्थिति कुछ अलग है। आज भी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के आधार पर सम्मान की कमी नजर आती है। क्रिकेट के अलावा शतरंज, टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी, एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी उपलब्धि मिली है लेकिन ईनाम राशि कम दी जाती है। विश्व विजेता शतरंज टीम तथा शतरंज एकल विजता को सिर्फ 10 करोड़ तक की राशि ईनाम में दी गई है। भारत में खेल को आगे बढ़ाना है तो खिलाड़ियों को सुरक्षित भविष्य की गारंटी होना चाहिए। भारत में खिलाड़ियों के कैरियर बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ केंद्र या राज्य सरकार की नहीं होनी चाहिए बल्कि इस दिशा में खेलकूद से संबंधित अधिकृत खेल संघ की होनी चाहिए। अपने खेल को लोकप्रिय बनाने और खिलाड़ियों की मजबूत आर्थिक स्थिति के लिए उन्हें क्लब स्तर से लीग स्तर तक ले जाने की जरूरत है। इस दिशा में रोल बाल का लीग नवम्बर 2024 में आरंभ किए जाने की घोषणा का स्वागत है। रोल बाल बहुत ही तेज और आक्रामक खेल है। भारत में ही अविष्कृत इस खेल को बढ़ावा दिये जाने से युवा भारतीयों का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

### मंडी में पहाड़ से टैक्सी पर गिरा बड़ पत्थर, मुंबई की महिला की मौत

**शिमला,30 दिसंबर।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक परिवार को ले जा रही टैक्सी पर पहाड़ से बड़ा पत्थर गिरा, जिससे महिला पर्यटक की मौत हो गई।घटना चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग पर मंडी के 4 माइल के पास घटी। टैक्सी में मुंबई का परिवार सवार था, जो छुट्टी मनाने हिमाचल आया था।मंडी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद ने बताया मृतक महिला का नाम प्रिया है, जबकि पति और टैक्सी चालक घायल हैं। बताया जा रहा है कि परिवार छुट्टी मनाने मनाली आया था और रविवार को वापस मुंबई लौट रहा था, तभी 4 माइल के पास पहाड़ से गिरे पत्थर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# संघर्षपूर्ण मैच में छत्तीसगढ़ की टीम को चंडीगढ़ ने हराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य की सीनियर पुरुष हैंडबाल टीम सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में संघर्षपूर्ण मैच में चंडीगढ़ से पराजित हुई। छत्तीसगढ़ की टीम 5वें से 8 वें स्थान के लिए मैच खेलेगी। केरल हैंडबॉल संघ द्वारा हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन चंगानासेरी, कोट्टायम जिला, केरल में 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 20 सदस्यीय पुरुष हैंडबाल टीम भाग ले रही है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता की टॉप 07 क्वार्टर फाइनलिस्ट टीमें 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिये पात्रता हासिल करेंगे, 8वीं टीम उत्तराखंड की होगी। सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले राज्यों की टीमों को 8 पुल में विभाजित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य को ग्रुप-डी में रखा गया है। ग्रुप-डी में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ जम्मू एंड कश्मीर, केरल एवं उड़ीसा की टीमें शामिल है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सीनियर पुरुष टीम का पहला मैच 26.12.2024 को खेला गये जिसमें छत्तीसगढ़ ने जम्मू एंड कश्मीर को 25-20 गोलों से पराजित कर अपना पहला लीग मैच जीता। छत्तीसगढ़ टीम का दूसरा लीग मैच 27.12.2024 को प्रातःकालीन छत्तीसगढ़ एवं केरल के मध्य खेला गया जिसमें केरल ने छत्तीसगढ़ को 28-26 गोलों से पराजित किया मध्यांतर तक छत्तीसगढ़ की टीम केरल से 16-14 गोलों से आगे थी। दिनांक 27.12.2024 को संध्या कालीन छत्तीसगढ़ का तीसरा लीग मैच उड़ीसा के मध्य खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ ने उड़ीसा को 40-25 गोलों से पराजित किया, मध्यांतर तक छत्तीसगढ़ की टीम उड़ीसा से 23-16 गोलों से आगे थी। छत्तीसगढ़ की टीम अपने ग्रुप-डी में दूसरे स्थान पर रहते हुये प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की। आज प्रातः दिनांक 28.12.2024 को प्री क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला गुजरात के साथ खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ ने गुजरात को 36-24 गोलों से पराजित करते हुये क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, मध्यांतर तक छत्तीसगढ़ की टीम गुजरात से 18-12 गोलों से आगे थी। क्वार्टर फाइनल का मुकाबला आज दिनांक 28.12.2024 को संध्या 4:00 बजे से छत्तीसगढ़ एवं चंडीगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें संघर्षपूर्ण मैच में छत्तीसगढ़ की टीम चंडीगढ़ से 26-27 गोलों से पराजित हुई मध्यांतर तक चंडीगढ़ की टीम 18-15 गोलों से आगे थी।

## एक नजर

### शराब ठेकेदार के घर चोरी



**भिलाई, 30 दिसंबर।** भिलाई साल खत्म होने के पहले शहर के विवेकानंद नगर कोहका में चोरी की एक बड़ी वारदात हुई है अज्ञात आरोपित ने शराब ठेकेदार अरविंद सिंह के घर से करीब 60 लाख रुपये के सोने के आभूषण और 70 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया आरोपित सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए इतनी बड़ी चोरी की खबर लगते ही पुलिस के भी हाथ- पांव फूल गए हैं क्राइम ब्रांच के मौत के पर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम पहुंच कर जांच शुरू की है डाग स्क्वायड भी मदद ली गई, लेकिन अब तकब आरोपित का कोई सुराग नहीं मिल सका है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता अरविंद सिंह ओडिशा में शराब दुकान का ठेकेदार है वह 22 दिसंबर को परिवार के साथ ससुराल बोकारो झारखंड गया था एक्वेरियम में पल रही मछलियों को दाना डालने के लिए उसने अपनी नौकरानी को घर की चाबी दी थी साथ ही घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का लाइव फीड भी शिकायतकर्ता अपने मोबाइल पर देखता रहता था 26 दिसंबर तक सीसीटीवी कैमरे के लाइव फीड में सब कुछ सही दिख रहा था शिकायतकर्ता ने 27 दिसंबर की सुबह फिर से कैमरे का फीड चेक किया तो वह बंद मिला। उसने नौकरानी को फोन किया तो उसने जाकर देखा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा था यह सूचना मिलने पर अरविंद 28 दिसंबर को भिलाई वापस लौटा शिकायतकर्ता अरविंद ने घर जाकर देखा तो सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी गायब था इसके अलावा आलमारी में रखे करीब 800 ग्राम वजनी सोने के आभूषण, चांदी के कुछ सिक्के और करीब 70 हजार रुपये नकद गायब थे जिनकी कुल कीमत 60 लाख रुपये आकी गई है स्मृति नगर चौकी पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है लेकिन पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है पुलिस के अनुसार जल्द चोर पकड़ लिया जाएगा विवेकानंद नगर कोहका में हुई चोरी की घटना, पुलिस जांच में जुटी परिवार समेत ससुराल बोकारो गया था ठेकेदार, तभी हुई चोरी

### फरारा मवेशी तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई, 30 दिसंबर।** भिलाई लंबे समय से फरार मवेशी तस्कर छन्नू गिरी गोस्वामी को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग एसपी ने आरोपित पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था वह परिवार के सदस्यों के साथ मवेशी तस्करी के अवैध कारोबार में लिप्त था उसके भाई और भतीजे को पाटन पुलिस गिरफ्तार कर जेल चुकी है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि पाटन और उतई क्षेत्र के कुख्यात मवेशी तस्कर बाबा पारा उतई निवासी 37 वर्षीय छन्नू गिरी गोस्वामी को पकड़ा गया है आरोपित, उसका भाई संजय गिरी गोस्वामी और भतीजा सीवान गिरी गोस्वामी भी इस कार्य में लिप्त हैं 10 सितंबर की रात को पाटन पुलिस ने आरोपितों के ग्राम कुंडा स्थित फार्म हाउस में दबिश देकर 43 भैंस को रेस्क्यू किया था मौके से इस्तगार अहमद नाम के तस्कर को पकड़ा गया था आरोपित मवेशियों को लेकर कटनी मध्यप्रदेश जा रहे थे पुलिस ने जिन मवेशियों को जब्त किया था, उनमें से 18 ग्राम डूमरडीह निवासी कैलाश बाई के थे ।

### खुले में मांस बेचने वालों पर कार्रवाई, वसूला जुर्माना

**भिलाई, 30 दिसंबर।** नगर पाली निगम भिलाई क्षेत्र में अवैध रूप से खुले में मांस बेचने वालों पर कार्रवाई की गई। कोई भी कोई भी दुकानदार कहीं पर भी अवैध रूप से मांस मछली का बिक्री नहीं कर सकता है। हर एक जगह के लिए हर एक क्षेत्र के लिए मांस मछली बेचने का स्थान निश्चित है। वहीं पर मांस मछली का बिक्री किया जाना है। नगर निगम भिलाई के सभी जोन में कार्रवाई की जा रही है। इसी के तारतम में जोन क्रमांक 1 में खुले में मांस बेचने वालों पर कार्रवाई की गई। वार्ड क्रमांक 3 मॉडल टाउन में विक्रेता मुनीर से 800 जुर्माना वसूल किया गया एवं द्वारा खुले में मटन व्यवसाय न करने की समझाइए देकर उक्त स्थल को खाली कराया। स्थानी लोगों से भी अपील है कि अधिकृत दुकानों से ही मटन मांस मछली खरीदें कहीं पर भी बेचने वाले अवैध रूप से बेचने वाले दुकान लगा देते हैं। वहां से नहीं लेना है। इस प्रकार की कार्रवाई लगे भी जारी रहेगी।

# गुरु गोविंद सिंह के बताए मार्ग पर चले युवा पीढ़ी:इंद्रजीत



**भिलाई, 30 दिसंबर।** श्री गुरु गोविंद सिंघ साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल एवं महासचिव गुरुनाम सिंह ने बताया कि सिख पंचायत के संचालन में गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास न्यू खुर्सीपार से नगर कीर्तन पालकी साहिब पर सवार शब्द गुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी पंच प्यारे साहिबान की अगुवाई में निकाला गया। जगह-जगह पंज प्यारों का स्वागत जनप्रतिनिधियों ने व सिक्ख समाज के लोगों ने किया और सेक्टर 6 गुरुद्वारा में नगर-कीर्तन का आयोजन हुआ। यूथ सिक्ख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नगर कीर्तन न्यू खुर्सीपार गुरुद्वारा से प्रारंभ हुआ। जिसका समापन सेक्टर-6 गुरुद्वारा में शाम को होगा। जगह-जगह लंगर स्टॉल लगाए गए है। जिसमें शिक्षा का लंगर यूथ सिक्ख समिति के हेल्पलाइन नंबर के अलावा सिक्ख पंथ के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह महाराज के बताए मार्गो पर कैसे चले? इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका ज्ञान हो सके। नगर-कीर्तन में सिक्ख समाज के अलावा अन्य लोगों ने अपनी सहभागिता दी है और सभी माताएं-बहने अपने-अपने स्तर पर सेवाभाव से इस नगर-कीर्तन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं । बॉक्स में श्री गुरू गोविंद सिंघ जी साहिब के प्रकाश पर्व का समर्पित इस नगर कीर्तन में युवा अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, महासचिव जसवंत सिंह सैनी एवं इन्द्रजीत सिंह के पुत्र यश सिंह तथा मलकीत सिंह के पुत्र सोम सिंह ने भी खुर्सीपार गुरुद्वारा से लेकर सेक्टर 6 गुरुद्वारा में समापन तक पैदल चलकर नगर कीर्तन की अगुवाई की। इन्द्रजीत सिंह ने शिक्षा का लंगर का स्टॉल भी लगवाया। कई जरूरतमंद लोगों को कॉपी, कम्पास बॉक्स, पेन, की किट भी वितरित किया। इसके अलावा गुरु नानक स्कूल सेक्टर 6 और खालसा स्कूल दुर्ग के बच्चों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सिक्ख समाज के बुजुर्गों और सीनियरों का भी इन्द्रजीत सिंह ने आशीर्वाद लिया। निर्धारित समय पर सुबह नगर कीर्तन की शुरुआत हुई और सही समय पर समापन भी सेक्टर 6 गुरुद्वारे में हुआ। इस दौरान गुरू का अटूट लंगर भी बांटा गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद वितरण किया। इन्द्रजीत सिंह ने युवा साथियों की टोली के साथ मोटरसाइकिल में भी पीछे बैठकर सिक्ख नौजवान युवाओं का हौसला अफजाई किया।

# युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच संदेहियों को किया गिरफ्तार



**दुर्ग, 30 दिसंबर।** दुर्ग कसरडीह में बीती रात युवक की हत्या का मामला सामने आया है बताया जा रहा है कि आरोपियों ने युवक को दौड़ा दौड़ाकर इतना मारा कि उसकी मौत हो गई.युवक का नाम चेतन साहू हैं युवक की पीट पीटकर हत्या पद्मनाभपुर टीआई केशव कोसले ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में युवक की हत्या की सूचना मिली है. शुरुआती जानकारी में पता चला है कि कुछ बदमाशों ने युवक को सड़क पर दौड़ा दौड़ाकर पीटा। पीटने के दौरान डंटे का प्रहार उसके सिर पर लगा. जिसके उसका सिर फट गया. वह जान बचाने घायल अवस्था में किसी घर में घुस गया और वहीं आंगन में गिरकर बेहोश हो गया इलाज के दौरान युवक की मौत बताया घर वालों ने बेहोशी की हालत में युवक को अस्पताल पहुंचाया. जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई. जिस घर में वह घुसा उसके आंगन में खून फैला हुआ है. घटना स्थल की जांच की जा रही है प्रेम प्रसंग में हत्या का शक बताया जा रहा है कि मामला प्रेम प्रसंग का है. जिसके चलते युवक की हत्या की गई है पद्मनाभपुर टीआई ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चूरी भिजवाया गया है पांच संदेहियों को हिरासत में लिया गया है. उनसे पूछताछ की जा रही है आरोपियों की तलाश की जा रही है आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल जा रहे हैं

# भिलाई चरोदा निगम की टीम ने चाइनीज मांझा बेचने वालों पर की कार्रवाई



**भिलाई-3।** नगर निगम भिलाई-चरोदा प्रशासन द्वारा क्षेत्र में चाइनीज मांझा बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।इस संबंध में निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को मांझा बेचने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने निर्देश प्रदान किये गये। जिसके पश्चात संपूर्ण भिलाई 03 एवं चरोदा क्षेत्र की दुकानों में औचक निरीक्षण निगम की टीम द्वारा करते हुए नुकसानदायक पतंग मांझा जब्त किया गया। यहां बता दें कि ये देखा गया है कि छोटे उम्र के बच्चों द्वारा पतंग उड़ाने और दूसरे पतंग वालो की पतंग काटने धारदार मंजे का प्रयोग कर पतंगबाजी की जाती है जिसके कई बार बेहद गंभीर परिणाम देखे गये है। कही हाथ कट जाना, तो कहीं गले में मंजा लगने से गले पर गंभीर चोट लग जाना। ना जाने कितने ही मामले में मंजे के कारण लोगों का चोटिल होना देखा सुना पाया गया है जिसके कारण जिला प्रशासन से मिले मार्गदर्शन के अनुरूप चाइनीज मांझा बेचने वालो पर अर्थदंड लगाकर भविष्य के लिए हिदायत दी जा रही है। विगत दिनांक निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भिलाई और चरोदा में फैंसी और जनरल समान विक्रेता दुकानदारों की सघन चेकिंग किये जाने पर 24 नग प्रतिबंधित मंजा जब्त किया गया साथ ही 2800 रु अर्थदंड भी लगाया गया। निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, रायटर चंद्रिका प्रसाद साहू, सफाई सुपरवाइजर रविकुमार वर्मा सफाई सुपरवाईजर अरुण कुंजाम समेत पूरी टीम द्वारा 22 दुकान की चेकिंग की गयी।

# ब्रह्माकुमारी में विंटर कार्निवाल का रंगारंग समापन



**भिलाई, 29 दिसंबर।** मेरे चारों ओर एक पॉजिटिव एनर्जी है वो है मेरे मन के पॉजिटिव विचार। हमारा मन सबसे शक्तिशाली है। यह बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे विंटर कार्निवाल के समापन सत्र में ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने कही। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के डीजी होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा अरुण देव गौतम ने कहा कि पेरेंट्स बच्चों को अधिक से अधिक समय दें। जो अपने लिए चाहते हैं वो दूसरों के लिए भी सोचें। ब्रह्माकुमारी के कार्यो की सराहना की। आई आई टी भिलाई के निदेशक प्रो राजीव प्रकाश ने कहा कि मुझे चिंता और सुकून मिला की बच्चों का भटकता मन और चिड़चिड़ापन और इसके समाधान हेतु ब्रह्माकुमारी जैसी समर्पित संस्था का विश्व में कार्य करना बहुत सुखद है। अभिभावकों का बच्चों के ऊपर आशाएँ इच्छाएं थोपना जिससे उनका बचपन ही खो जाता है। निको इंडस्ट्री के प्रेजिडेंट संग्राम स्वेन ने बताया कि यहां की शक्तिशाली ऊर्जा मन को शक्ति देती है। दूसरों को माफ करे तो आगे बढ़ेंगे जीवन में। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका एवं इस कार्यक्रम की प्रेरणा स्त्रोत ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि आप बच्चे अपने जीवन को श्रेष्ठ सिद्धांत एवं गुणों से अपना श्रृंगार करें। जो मिला है आज तक जीवन में ,परमात्मा सहित प्रकृति को हर पल दिल से धन्यवाद करें। बच्चों और अभिभावकों ने मेडिटेशन से आए अपने अनुभवों को व्यक्त किया। डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने स्वनिर्मित प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम तैरोगे तो किनारा मिलेगा, छोटे छोटे फूल है हम और किसी से कम नहीं है जैसे गीतों की प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय सहित सभी बच्चों को ईश्वरीय उपहार से अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# उप नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में निगम का घेराव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 दिसंबर।** भिलाई शहर की मूलभूत सुविधाओं के प्रति अनदेखी, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का आरोप लगाकर आज नगर निगम भिलाई का घेराव किया गया उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के नेतृत्व में खुर्सीपार से हजारों की संख्या में रैली की शक्ल में भाजपाइयों ने निगम कार्यालय प्रवेश द्वार के पास जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों ने निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को बीस सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा भाजपा पार्षद और निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि शहर सरकार का जनता को हो रही दिक्कतों से कोई वास्ता नहीं रह गया है। लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। दूसरी तरफ निगम प्रशासन और स्थानीय सरकार के नुमाइंदे कमीशन में मस्त हैं। निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है और भाजपा पार्षदों को जनहित से जुड़ी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इधर शहर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल करने उमड़ी भीड़ को रोकने तीन थाना प्रभारियों ने मोर्चा संभाला था। बावजूद इसके प्रदर्शनकारी ने पुलिस के लगाए बैरिकेड को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इस दौरान निगम प्रशासन और स्थानीय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी चलती रही।आखिरकार निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय वहां पहुंचे और ज्ञापन लिया। आयुक्त ने ज्ञापन में उल्लेखित मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया भिलाई नगर निगम आयुक्त ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर निगम के गेट पर पहुंचे थे उनके द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जो भी समस्या है निगम के अधिकारियो को निर्देशित कर जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा

# ग्राम सुरपा में हर्षोल्लास से मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन, 30 दिसंबर।** पाटन ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरपा में 27 दिसंबर को सतनामी समाज एवं ग्राम वासियों के द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती मनाया गया। गोधूलि बेला में जय स्तंभ पर समाज की ओर से शंकर राव नारंग के द्वारा पलो चढ़ाया गया इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, शिक्षक राजेंद्र मारकंडे असोगा दक्षिण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मध्यमंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, रवि सिन्हा जनपद सदस्य पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू, सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत अधिकारी बेणीराम साहू, ग्राम पंचायत सुरपा सरपंच रेखा साव, पूर्व सरपंच डॉ. सरोज साव, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद जैन एवं सामाजिक बंधुओं एवं माताओ के द्वारा आरती कर पलो चढ़ाने में सहयोग किया गया।जय स्तंभ में पूजा अर्चना के पश्चात गणमान्य अतिथि मंच में आसन ग्रहण किये कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल,अध्यक्षता राजेंद्र कुमार मार्कण्डेय शिक्षक , विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय बघेल में अपने उद्बोधन में कहा कि- एक ऐसे महामानव का जन्म 268 साल पहले हुआ है जिसकी जन्म जयंती आज हम सब बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मन रहे है, बाबा गुरु घासीदास जी ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया और ईश्वर ही सत्य है, सत्य ही ईश्वर है ये मूल वाक्यों पर आधार छुपा हुआ है, बाबा जी ने ये बात क्यों कही यह विचार करने योग्य बात है जब इतिहास के पन्ने को देखा जाय तब जानकारी मिलता है आज से 100 साल पहले विकराल स्थिति रही है आजादी के पहले छुआ छूत की भावना, ऊंच नीच की भावना घृणा के भावना था। स्नेह,भाई चारा का भावना मिट चुका था, ऐसा विकराल स्थिति थी।वेद पुराण ग्रन्थ में लिखा है कि 84 लाख योनियां गुजरने के बाद मनुष्य जीवन मिलता है जो छुआ छूत भेद भाव, उच्च नीच के लिए नहीं मिला है। देश दुनिया की तकदीर बदलने के भगवान ने भेजे है आज मनुष्य पृथ्वी से अंतरिक्ष पर जा रहा है इसके लिए मानव जीवन मिला है। सांसद बघेल के समक्ष सतनाम धर्म जागरूक युवा संगठन के अध्यक्ष के द्वारा सतनामी समाज सुरपा के मांग पत्र का वाचन किया जिसमें मॉडल जय स्तंभ एवं डोम सेट निर्माण का मांग समाज द्वारा किया गया जिस पर सांसद विजय बघेल के द्वारा मॉडल जयस्तंभ निर्माण के लिए आश्वासन दिया है।इसके पश्चात समस्त अतिथि एवं सामाजिक बंधुओं और ग्रामवासियों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मृत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।इस कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, राजेंद्र कुमार मारकंडे पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू रवि सिन्हा जनपद सदस्य पाटन,नारद साहू सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी बेणीराम साहू सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत, अधिकारी प्रमोद जैन भाजपा जिला कार्य समिति सदस्, गिरधरलाल नारंग,पृथ्वीराज मारकंडे, चंद्रहास मोरैया, महेश मारकंडे, देवानंद देवांगन बूथ अध्यक्ष ग्राम सुरपा, नरेंद्र धारगुड़ी समाजसेवी, किशोर सेन, सतनाम धर्म जागरूक युवा संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य,सतनामी समाज सुरपा एवं ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## निधन

### दर्शन सिंह नादान



**भिलाई, 30 दिसंबर।** नेहरू नगर भिलाई निवासी सरदार दर्शन सिंह नादान 94 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे सरदार तविंदरजीत सिंह (पुत्र) ,सरदार तलविंदर सिंह (पौत्र) ,सरदार मनदीप सिंह (पौत्र) भरा-भूरा परिवार छोड़कर चले गए

संपादकीय

# शोक के समय राजनीति नहीं करनी चाहिए

हमारी भारतीय परंपरा संस्कृति में जब शोक का समय होता है तो उस समय न हंसा जाता है, न मजाक किया जाता है, न किसी को बदनाम करने की कोशिश की जाती है, न ही राजनीति की जाती है।शोक के समय सिर्फ शोक मनाया जाता है। घर के किसी सदस्य का निधन हो गया है तो लोग दस दिन तक शोक मनाते हैं. शहर में किसी की मौत हो जाती है तो लोग उसके घर जाकर शोक संवेदना प्रकट करते हैं। देश के किसी बड़े नेता की निधन हो जाता है तो पूरा देश एक अपूरणीय क्षति के लिए सात दिन तक शोक मनाता है।यह वक्त यह कहने का नहीं होता है कि घर परिवार के लिए लोगों ने क्या नहीं किया, शहर के लोगों ने क्या नहीं किया, केंद्र सरकार ने क्या नहीं किया।यह वक्त होता है शोक का और जितने दिन का शोक केंद्र सरकार ने घोषित किया है, उतने दिन तो कम से कम देश के राजनीतिक दलों को शोक मनाना चाहिए।देश के पूर्व पीएम सरदार मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। वह दस साल देश के पीएम रहे, देश के विकास,उन्नति में उनका बड़ा योगदान है, वह देश के पहले सिख सीएम हैं। इस बात से कोई इंकार नहीं कर रहा है। मोदी सरकार ने भी कहां कहा कि वह कांग्रेस के पीएम थे इसलिए वह राजकीय सम्मान के हकदार नहीं है। मोदी सरकार ने उनके निधन की खबर मिलने के बाद कह दिया था,उनके निधन पर देश में सात दिन का राष्ट्रीय शोक मनाया जाएगा। देश का राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। कैबिनेट की बैठक के बाद यह फैसला भी किया गया कि उनका स्मारक बनाया जाएगा, उनके नाम से एक ट्रस्ट बनाया जाएगा। मोदी सरकार ने अपने तमाम फैसले से देश के पूर्व पीएम का पूरा सम्मान किया। जिस सम्मान के हकदार वह थे, वह सम्मान देने का प्रयास किया।ऐसे समय में राजनीति करके कांग्रेस ने शर्मनाक किया है, इसके लिए हमेशा कांग्रेस की आलोचना की जाएगी, याद किया जाएगा कि मनमोहन सिंह के चिता की आग ठंडी नहीं हुई थी और कांग्रेस ने उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर पीएम मोदी को बदनाम करने का प्रयास किया कि उन्होंने मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि निगम बोध घाट में करवा कर उनका अपमान किया है। किसी का निधन हो जाए तो सबसे पहले यही कोशिश की जाती है कि उसकी अंत्येष्टि ससम्मान हो जाए।स्मारक व समाधि का फैसला तो बाद में किया जा सकता है, समाधि व स्मारक का फैसला तो मोदी सरकार ने किया है। कांग्रेस की आदत है कि मोदी सरकार के हर काम को किसी तरह के गलत बताने का प्रयास करना। मोदी सरकार ने पहले ही यह कह दिया था कि मनमोहन की अंत्येष्टि जल्द करना है, इसलिए निगम बोध घाट में उनकी अंत्येष्टि करना मनमोहन सिंह का अपमान नहीं था, समय की जरूरत थी। उस समय यही किया जा सकता था, इसलिए सरकार को यह करना पड़ा। किसी नेता की समाधि या स्मारक के लिए बड़ी जमीन की जरूरत होती है, उसे अधिग्रहण करना पड़ता है, उसके लिए लंबी प्रक्रिया होती है। समाधि के स्मारक के लिए जमीन तत्काल नहीं मिल जाती है। कांग्रेस को और कुछ आलोचना के लिए नहीं मिला तो उसने इसी बात को मुद्दा बना लिया है कि मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि निगमबोध घाट में क्यों की गई यहां तो आम लोगों की अंत्येष्टि की जाती है। पहले जिस तरह जिस जगह पर किसी बड़े नेता की अंत्येष्टि की जाती थी वहीं उसका स्मारक या समाधि बनाई जाती थी इस बार ऐसा क्यों नहीं किया गया। ऐसा नहीं किया गया इसलिए कांग्रेस कह रही है कि मोदी सरकार ने मनमोहन सिंह का अपमान कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एम. खरगे ने जब पीएम मोदी व अमित शाह को पत्र लिखा तो यह संकेत दे दिया था, कांग्रेस निगम बोध पर मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि करने का मामले में राजनीति करेगी। मनमोहन सिंह देश की पीएम रहे है, उनके सम्मान कोई भी सरकार होती तो वह क्या करती, राष्ट्रीय शोक घोषित करती, राजकीय सम्मान से उनकी अंत्येष्टि कराती। उनके नाम पर दिल्ली में स्मारक या समाधि स्थल बनवाती। यह सब काम मोदी सरकार ने भी किया है। गांधी परिवार आज निगमबोध घाट पर मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि का मनमोहन सिंह का अपमान बता रही है, यह वही परिवार है जिसने मनमोहन सिंह का पीएम रहते कभी सम्मान किया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के सामने मनमोहन सिंह देश का प्रधानमंत्री होने के बाद भी हाथ जोड़े खड़े रहते थे, यह दृश्य देश के लोगों को बहुत अपमानजनक लगता था लेकिन गांधी परिवार को कभी बुरा नहीं लगता था, देश का पीएम उनके सामने हाथ जोड़े खड़ा हुआ है। राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के निधन पर कहा कि वह मेरे मेंटर थे, गुरु थे। अगर ऐसा वाकई होता तो राहुल गांधी उनके कैबिनेट से पारित अधिनियम का खुले आम फाड़कर उनका अपमान नहीं करते। अगर मनमोहन सिंह उनके गुरु होते, मेंटर होते तो वह उनका शवयात्रा में शववाहन के पीछे पैदल चलते हुए दिखाई देते। जिस तरह अटल बिहारी बाजपेयी के निधन पर पीएम मोदी पूरे रास्ते शववाहन के पीछे पैदल चलते दिखाई दिए, कोई किसी का सम्मान करता है तो वह सम्मान उसके उसके आचरण में दिखाई भी देता है। राहुल गांधी तो मनमोहन सिंह के परिवार के साथ वाहन में बैठे हुए दिखाई दिए। जहां तक गांधी परिवार की बात है तो वह गैर गांधी परिवार के किसी भी बड़े नेता का सम्मान नहीं करता है। नरसिम्हा राव इसका उदाहरण है, वह भी देश के पीएम थे,कांग्रेस के बड़े नेता थे। उनके शव को कांग्रेस मुख्यालय में रखने नहीं दिया गया,उनकी अंत्येष्टि दिल्ली में नहीं होने दी गई। उनका स्मारक तक नहीं बनाया गया। इसी तरह प्रणव मुखर्जी देश के राष्ट्रपति थे उनके निधन पर कांग्रेस कार्यसमिति में शोक प्रस्ताव तक पारित नहीं किया गया था जबकि कांग्रेस की परंपरा रही है कि कांग्रेस के किसी बड़े नेता का निधन हो जाता है कि कांग्रेस कार्यसमिति में शोक प्रस्ताव पारित किया जाता है। मोदी सरकार ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव का सम्मान उनका स्मारक बनवा कर किया और उनको भारत रत्न देकर किया। इसी तरह प्रणव मुखर्जी का सम्मान भी पीएम मोदी ने उनको भारत रत्न देकर किया। पीएम मोदी देश के नेताओं का सम्मान करना जानते हैं, वह इसके लिए

राजनीति

तनवीर जाफरी

# इंडिया गठबंधन वैचारिक एकता पर आधारित हो अवसरवाद पर नहीं

लोकसभा चुनावों से पहले यानी जुलाई 23 में 15 दलों के साथ बने उसी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन अर्थात यू पी ए ने इण्डिया गठबंधन नामक एक नया विपक्षी गठबंधन बनाने का प्रयास शुरू किया था। परन्तु



इस बार इसमें 15 राजनैतिक दल नहीं बल्कि 26 पार्टियां शामिल हुई थीं। इण्डिया गठबंधन के अस्तित्व में आते ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की नींदें उड़ गयी थीं। सबसे पहले तो भाजपा नेता काफी दिनों तक इण्डिया गठबंधन (भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन) में क्ठ्ठक्रुअ नाम के शामिल होने पर ही शोर शराबा करते रहे। उसके बाद जिस भाजपा ने दस वर्षों तक अपने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग ) सहयोगियों की कभी बैठक बुलाने की जरुरत महसूस नहीं की थी उसी भाजपा को इण्डिया गठबंधन के मुकाबले राजग/ठऊ्अ की भी पहली बार बैठक बुलानी पड़ी। उधर इण्डिया गठबंधन पर सिर मुंडाते ही ओले तब पड़ने लगे जबकि इण्डिया गठबंधन के अगुआकारों में सबसे अग्रणी भूमिका निभाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार स्वयं ही इण्डिया गठबंधन छोड़ भाजपा से ही गलबहियां कर बैठे। परन्तु इसके बावजूद 2024 में आये चुनाव परिणाम ने यह सन्देश जरूर दे दिया कि यदि विपक्ष पूरी ईमानदारी व एकता के साथ सत्ता को चुनौती देगा तो निश्चित रूप से परिणाम चौंकाने वाले होंगे।

परन्तु इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इसी इण्डिया गठबंधन में कुछ दल ऐसे भी शामिल हैं जिनके गठबंधन में शामिल सबसे बड़े दल कांग्रेस से बुनियादी वैचारिक मतभेद भी हैं। और समय समय पर यह मतभेद उभर कर सामने आते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का अयोध्या मंदिर /मस्जिद विषय तथा सावरकर जैसे मुद्दों को लेकर विशेषकर कांग्रेस व अन्य समाजवादी दलों के साथ मतभेद का प्रश्न ? इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी का गठबंधन में शामिल वामदलों को सहन न कर पाना। जबकि कांग्रेस द्वारा पूरी ईमानदारी से गठबंधन धर्म निभाते हुये व बड़ा दल होने के नाते भी बड़े दिल का सुबूत देते हुये हरियाणा से लेकर बंगाल व बिहार झारखण्ड तक वामपंथियों को समझौते के अनुसार प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की जाती रही है।

इसी तरह देश का सबसे नया राजनैतिक दल यानी आम आदमी पार्टी भी समय समय पर खास तौर पर सीटों के बंटवारे को लेकर सार्वजनिक रूप से गठबंधन की फूट को उजागर करने का काम करती रही है। पंजाब,हरियाणा से लेकर दिल्ली,हिमाचल व गुजरात तक यही देखा जा रहा है। और पिछले दिनों ऐसे समय में जबकि दो महीने बाद ही फरवरी 25 तक दिल्ली विधानसभा की घोषणा की संभावना है इस वातावरण में जबकि इण्डिया गठबंधन को पूरी तरह संगठित नजर आना चाहिए था बजाये इसके बजाये दिल्ली में गठबंधन के दोनों ही प्रमुख सहयोगियों कांग्रेस व आप में तलवारें खिंच गयी हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और साथ ही भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ 'श्वेत पत्र' जारी किया। इसी दौरान कांग्रेस नेता




अजय माकन ने कई ऐसे आरोप लगा दिये जिससे आप नेता तिलमिला उठे। माकन ने कहा कि "पहले केजरीवाल को समर्थन देना गलती थी और गठबंधन करना भी भूल थी। केजरीवाल भरोसे के योग्य नहीं। उनकी कोई विचारधारा नहीं है। केजरीवाल 'फजीवाल' हैं वे राष्ट्र विरोधी हैं।" राष्ट्रविरोधी शब्द से आप तिलमिला उठी और जवाब में आप नेताओं ने कांग्रेस से अजय माकन पर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि अगर कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी, इंडिया गठबंधन के नेताओं से मांग करेगी कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से हटाएं." इंडिया गठबंधन में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी कांग्रेस वामपंथियों व अन्य गांधीवादी व समाजवादी विचारधारा रखने वाले दलों के साथ शामिल है। परन्तु यह साथ भी पूरी तरह अवसरवादी है। क्योंकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना 6 दिसंबर की अयोध्या घटना का श्रेय भी लेना चाहती है,स्वयं को उस घटना का अगुवाकार भी बताती है। इसी तरह सावरकर को लेकर शिवसेना (उद्धव) के विचार इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों से अलग हैं। शिवसेना (उद्धव) सावरकर को हीरो बताती है जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दल इन दोनों ही मुख्य मुद्दों पर शिवसेना (उद्धव) से मतभेद रखते हैं। दूसरी और इन्हीं दोनों मुद्दों पर भाजपा व शिवसेना (उद्धव) के मत एक समान हैं। गोया वैचारिक व सैद्धांतिक समानता शिवसेना (उद्धव) व भाजपा में है न कि शिवसेना (उद्धव) व कांग्रेस या इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों में। इसलिए इस तरह का गठबंधन निश्चित रूप से सत्ता हथियाने का अवसरवादी खेल है न की सिद्धांतवादी राजनीति का हिस्सा। उधर ममता बनर्जी व उनकी तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी जैसे बड़े क्षेत्रीय दल इंडिया गठबंधन में शामिल तो जरूर हैं परन्तु लोकसभा,विधानसभा व उपचुनावों के दौरान प्रत्याशी घोषित करते समय कांग्रेस पार्टी व ऐसे क्षेत्रीय दलों के बीच जिस समय रस्सा कशी होती है और मतभेद उभरते दिखाई देते हैं उससे भी साफ पता लगता है कि विभिन्न दल साथ साथ तो जरूर हैं परन्तु सभी की कोशिश यही रहती है कि किस तरह अपने आधार का और अधिक विस्तार करें और अपने सहयोगी दल को जितना हो सके पैर पसारने से रोकें। उधर क्षेत्रीय दल जिसतरह गठबंधन के समय भाजपा से भयभीत रहते हैं उसी तरह कांग्रेस के विस्तार का भय भी उन्हें सताता है। उधर यह भी सच है कि जिन जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल मजबूत रहे हैं प्रायः वहां वहां दक्षिणपंथी ताकतों को मुंह की खानी पड़ी है परन्तु ठीक इसके विपरीत जहाँ जहाँ कांग्रेस के साथ भाजपा का सीधा मुकाबला रहा है वहां वहां प्रायः भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता छीन ली है। इसलिये क्षेत्रीय दलों की प्रासंगिकता से भी हरगिज इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही यह भी सत्य है कि अवसरवाद पर आधारित गठबंधन टिकाऊ हरगिज नहीं हो सकता। लिहाजा यदि देश को अतिवादी शक्तियों से बचाना है और भारत की पहचान बन चुकी गांधीवादी नीतियों व सिद्धांतों को आगे बढ़ाना है तो इण्डिया गठबंधन में शामिल सभी दलों में वैचारिक एकता होनी तो जरूरी है ही साथ ही यह गठबंधनअवसरवाद पर आधारित हरगिज नहीं होना चाहिये।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए अध्यात्म के कार्यों मे भाग लेने के लिए रहेगा। आपके मन में अशांति बनी रहेगी। संतान के करियर को लेकर टेंशन रहेगी, लेकिन आपको अपने बिजनेस में भी टारगेट पकड़ कर चलना होगा, तभी आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा उत्पन्न हो सकती है। आपको किसी से किए हुए वादे को पूरा करने के लिए भी समय निकालना होगा।

वृष- आज आपकी सोच समझ से सभी काम पूरे होंगे। जीवनसाथी के लिए आप किसी बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोग किसी पार्ट टाइम कार्य को करने के लिए समय निकालेंगे। आप अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको भविष्य को देखकर चलना होगा। माता-पिता की सलाह लेकर कोई काम यदि आप करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी को उधार देने से बचना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए एनर्जी से भरपूर रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। बिजनेस में भी आप अपनी योजनाओं पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे, जिसमें आपके बिजनेस को विदेशों तक पहचान मिलेगी। आप किसी जरूरी काम को लेकर जीवनसाथी से सलाह मशवरा कर सकते हैं, तभी आप अपने भविष्य को लेकर को इन्वेस्टमेंट करेंगे। संतान पर आप जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपने किसी मित्र से खास बात पर विचार विमर्श कर सकते हैं। आपके मन में काम को लेकर कुछ सुझाव आएंगे, जिनको किसी दूसरे से शेयर नहीं करना है। आपके परिवार में किसी लड़ाई झगड़े के कारण माहौल अशांतिपूर्ण रहेगा। आप अपनी पेट संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान दें। जिसके लिए आपको खान-पान में बदलाव लाना होगा।

सिंह- आज आपको सावधान रहकर सभी कामों को करना होगा। आपको अपने कामों पर नजर बनाकर रखनी होगी। आपका किसी से मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आप किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बनाएंगे। आपके कामों में कुछ नए विरोधी विघ्न पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपके शत्रु मित्र के रूप में हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचानने की आवश्यकता है। भाई व बहनों का साथ मिलेगा।

कन्या- आज आपको आलस्य को त्याग करके आगे बढ़ना ही होगा। आप फिजूल के कामों में समय ना लगाएं। आपकी किसी काम को लेकर अपने अधिकारियों से बहस बाजी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आपको काम को लेकर मेहनत अधिक करनी होगी, तभी आपके काम पूरे हो सकेंगे। आप किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे, जिसमें आपका धन भी अधिक खर्च होगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप अपने सहकर्मियों से अधिक काम को लेकर कोई मदद लेंगे, तो वह भी आसानी से मिल जाएगी। राजनीति में आपको थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाना होगा, क्योंकि आपके विरोधी अधिक होंगे। बिजनेस को लेकर आप अपने पार्टनर से कोई मीटिंग कर सकते हैं। आपको अपने पिताजी से कुछ पारिवारिक मामलों में सलाह लेनी पड़ सकती है, जिससे आपको उनसे काफी हद तक राहत मिलेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी करने के लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में आपको किसी पर डिपेंड नहीं रहना है और पार्टनरशिप करने से पहले आपको जरूरी फॉर्मेलिटी पूरी करनी होगी। ऑनलाइन व्यवसाय कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है, इसलिए आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप अपने काम को लेकर छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आपको टेंशन अधिक होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे। आपकी सोच समझ से कार्य क्षेत्र में भी यदि कोई काम बिगड़ा हुआ था, तो वह भी ठीक हो सकता है। परिवार में लोग आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के लिए कोई सरप्राइज प्लान कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने घर किसी पूजा पाठ का आयोजन कर सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आने वाला है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करने की तैयारी कर रहे हैं, वह अपनी मेहनत में तेजी लाएंगे। आपको कारोबार में डूबा हुआ धन भी मिलने की संभावना है। आपका आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। आपको अपने निजी मामलों में किसी अजनबी पर भरोसा नहीं करना है। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। पारिवारिक मामलों में आपको पूरा ध्यान देना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका कोई प्रॉपर्टी से संबंधित मामला सुलझ सकता है। आप बिजनेस में अपनी योजनाओं में कुछ बदलाव करेंगे, जिससे आपको अच्छे बेनिफिट मिलेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। आपको धार्मिक गतिविधियों पर पूरी रुचि रहेगी। आपका अपने किसी परिजन के घर आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। किसी जश्न का आयोजन हो सकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको यदि काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो आपको उसका भी समाधान आसानी से मिल जाएगा। आपके काम करने की गति थोड़ी धीमी रहेगी, लेकिन फिर भी आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ आपको अपने रिश्ते को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरे नौकरी का ऑफर आ सकता है।

## भारत में बुज़ुर्ग आबादी की समस्याएँ

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिशत हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ रहा है और यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है, ऐसा संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव के अनुसार है। कम आय या गरीबी को बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार से जुड़ा पाया गया है। कम आर्थिक संसाधनों को बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार में योगदान देने वाले एक प्रासंगिक या परिस्थितिजन्य तनाव के रूप में माना जाता है। बैंक जमा पर लगातार गिरती ब्याज दरों के कारण, अधिकांश मध्यम वर्ग के बुजुर्ग वास्तव में खुद को बनाए रखने के लिए बुजुर्ग पेंशन पर निर्भर हैं। भारत में, 74% बुजुर्ग पुरुष और 41% बुजुर्ग महिलाओं को कुछ व्यक्तिगत आय प्राप्त होती है, जबकि 43% बुजुर्ग आबादी कुछ भी नहीं कमाती है। व्यक्तिगत आय प्राप्त करने वाले 22% बुजुर्ग भारतीयों को प्रति वर्ष 12, 000 रुपये से कम मिलता है। जैसे-जैसे बुजुर्ग लोग काम करना बंद कर देते हैं और उनकी स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतें बढ़ती जाती हैं, सरकारें अभूतपूर्व लागतों से अभिभूत हो सकती हैं। हालांकि कुछ देशों में जनसंख्या की उम्र बढ़ने के बारे में आशावादी होने का कारण हो सकता है, लेकिन प्यू सर्वेक्षण से पता चलता है कि जापान, इटली और रूस जैसे देशों के निवासी बुढ़ापे में पर्याप्त जीवन स्तर प्राप्त करने के बारे में सबसे कम आश्वस्त हैं। एनजीओ हेल्पएज इंडिया द्वारा किए गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण से पता चला है कि 47% बुजुर्ग लोग आय के लिए आर्थिक रूप से अपने परिवारों पर निर्भर हैं और 34% पेंशन और नकद हस्तांतरण पर निर्भर हैं, जबकि सर्वेक्षण में शामिल 40% लोगों ने ३जितना संभव हो सके३ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। भारत में पाँच में से एक बुजुर्ग व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं से ग्रस्त है। उनमें से लगभग 75 प्रतिशत किसी पुरानी बीमारी से पीड़ित हैं और 40 प्रतिशत को कोई अन्य विकलांगता है। ये 2021 में लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया के निष्कर्ष हैं। वृद्ध लोग शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की उम्र बढ़ने के कारण अपक्षयी और संचारी दोनों तरह की बीमारियों से पीड़ित होते हैं। रुग्णता के प्रमुख कारण संक्रमण हैं, जबकि दृष्टि दोष, चलने, चबाने, सुनने में कठिनाई, ऑस्टियोपोरोसिस, गठिया और असंयम अन्य सामान्य स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ हैं।किफायती नर्सिंग होम या सहायता प्राप्त रहने वाले केंद्रों की जरूरत वाले बीमार और कमजोर बुजुर्गों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों में वृद्धावस्था देखभाल सुविधाओं का अभाव। हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 30% से 50% बुजुर्ग लोगों में ऐसे लक्षण थे जो उन्हें उदास कर देते थे। अकेले रहने वाले बुजुर्गों में से ज्यादातर महिलाएँ हैं, खास तौर पर विधवाएँ। अवसाद का गरीबी, खराब स्वास्थ्य और अकेलेपन से गहरा सम्बंध है। वयस्कों के औपचारिक नौकरियों में और बच्चों के स्कूल की गतिविधियों में व्यस्त होने के कारण, बुजुर्गों की देखभाल करने के लिए घर पर कोई नहीं रहता। पड़ोसियों के बीच सम्बंध ग्रामीण क्षेत्रों की तरह मजबूत नहीं हैं। आर्थिक तंगी उन्हें रचनात्मकता को आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं देती। परिवार के सदस्यों की उपेक्षा के कारण कई लोग बच्चों के साथ रहने के बजाय डे केयर सेंटर और वृद्धाश्रम को प्राथमिकता देते हैं। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एक बढ़ती हुई अंतरराष्ट्रीय समस्या है जिसकी विभिन्न देशों और संस्कृतियों में कई अभिव्यक्तियाँ हैं। यह मानवाधिकारों का एक मौलिक उल्लंघन है और इससे कई स्वास्थ्य और भावनात्मक समस्याएँ पैदा होती हैं। दुर्व्यवहार को शारीरिक, यौन, मनोवैज्ञानिक या वित्तीय के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, बुजुर्ग महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के बीच दुर्व्यवहार अपेक्षाकृत अधिक होता है। लगभग आधे बुजुर्ग दुखी और उपेक्षित महसूस करते हैं; 36 प्रतिशत को लगता है कि वे परिवार के लिए बोझ हैं। मौखिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार से होने वाली भावनात्मक क्षति में यातना, दुख, भय, विकृत भावनात्मक असुविधा और व्यक्तिगत गौरव या संप्रभुता की हानि शामिल है। सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर पर, वृद्ध व्यक्ति को कमजोर और आश्रित के रूप में प्रस्तुत करना, देखभाल के लिए पैसे की कमी, सहायता की जरूरत वाले बुजुर्ग लोग जो अकेले रहते हैं और परिवार की पीढ़ियों के बीच सम्बंधों का टूटना, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के संभावित कारक हैं। आर्थिक समस्याओं के कारण निम्न जाति के बुजुर्गों को बुढ़ापे में भी आजीविका के लिए काम करना पड़ता है। हालांकि यह मुश्किल है, लेकिन यह उन्हें सक्रिय रखता है, आत्म-सम्मान की भावना बनाए रखता है और परिवार से सम्मान प्राप्त करता है। जबकि उच्च जाति के बुजुर्गों के लिए, अच्छी नौकरियाँ कम उपलब्ध होती हैं और वे छोटी-मोटी नौकरियाँ करने में संकोच करते हैं। यह उन्हें बेरोजगार बनाता है, इसलिए 'बेकार' होने की भावना और निराशा पैदा होती है। जीवनसाथी के अलावा घर के कई सदस्यों के साथ रहना दुर्व्यवहार, विशेष रूप से वित्तीय दुर्व्यवहार के बढ़ते जोखिम से जुड़ा है। अधिकांश वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध आवास उनकी आवश्यकताओं के लिए अनुपयुक्त और अनुपयुक्त पाया जा सकता है। उन्हें जीवन भर लिंग आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उम्र बढ़ने की लिंग आधारित प्रकृति ऐसी है कि सार्वभौमिक रूप से, महिलाएँ पुरुषों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहती हैं। 80 वर्ष या उससे अधिक की आयु में, विधवापन महिलाओं की स्थिति पर हावी हो जाता है, 71 प्रतिशत महिलाओं और केवल 29 प्रतिशत पुरुषों ने अपने जीवनसाथी को खो दिया है। सामाजिक रीति-रिवाज महिलाओं को दोबारा शादी करने से रोकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं के अकेले रहने की संभावना बढ़ जाती है। विधवा का जीवन कठोर नैतिक संहिताओं से भरा होता है, जिसमें अभिन्न अधिकारों का त्याग किया जाता है और स्वतंत्रता को दरकिनार किया जाता है। सामाजिक पूर्वाग्रह के परिणामस्वरूप अक्सर संसाधनों का अनुचित आवंटन, उपेक्षा, दुर्व्यवहार, शोषण, लिंग आधारित हिंसा, बुनियादी सेवाओं तक पहुँच की कमी और संपत्तियों के स्वामित्व को रोकना होता है। कम साक्षरता और जागरूकता के स्तर के कारण वृद्ध महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से बाहर रखे जाने की अधिक संभावना है

## शिक्षा में सुधार

# नो डिटेंशन पॉलिसी के खात्मे से शिक्षा में होगा सुधार !

सुनील कुमार महला



हाल ही में केंद्र सरकार (शिक्षा मंत्रालय) ने 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है जिसके तहत अब कक्षा 5 और 8 की वार्षिक परीक्षा में असफल छात्रों को फेल किया जाएगा, यह वाकई एक स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में, केंद्र सरकार के इस फैसले से बच्चों के अंदर सीखने की इच्छा और ललक बढ़ेगी। नियम में बदलाव का फायदा यह होगा कि अब उन बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जो किसी कारणवश पढ़ाई में अच्छी परफोर्मेंस नहीं दे पाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो, इस दौरान छात्र की शिक्षा स्थिति को सुधारने के लिए शिक्षकों की ओर से विशेष कोशिश की जाएगी और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिक्षक न केवल छात्र विशेष के शैक्षणिक प्रदर्शन पर ध्यान देंगे, बल्कि उनके माता-पिता, अभिभावकों को भी समय समय पर उसके बारे मार्गदर्शन व सुझाव आदि देंगे। इस पॉलिसी के खत्म होने के बाद पांचवीं और आठवीं कक्षा में जो छात्र फेल या असफल हो जाते हैं, उन्हें फेल/असफल ही घोषित किया जाएगा और उन्हें दो महीनों के भीतर एक बार पुनः परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा और यदि वे इसमें भी फेल या असफल होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नति नहीं दी जाएगी। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अभी तक आठवीं कक्षा तक फेल करने का प्रावधान नहीं था। यहां यह उल्लेखनीय है कि इससे पहले, प्रारंभिक शिक्षा के दौरान किसी भी छात्र को कक्षा विशेष में रोकने की परमिशन नहीं थी। हालांकि, अब 5वीं और 8वीं कक्षा में शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर रोकने की परमिशन दी गई है। बहरहाल, एक और अच्छी बात यह है कि इस पॉलिसी के तहत किसी भी छात्र को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। वर्ष 2010-11 से पहले पांचवीं और आठवीं कक्षा में बोर्ड की परीक्षाओं का प्रावधान किया गया था,जिसे वर्ष 2010-11 से बंद कर दिया गया था। विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था। इससे स्कूली शिक्षा के स्तर में लगातार गिरावट आ गई थी। इतना ही नहीं, इसका प्रभाव 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं पर भी कमोबेश पड़ा और नतीजे खराब आ रहे थे। यहां तक कि राज्य सरकारें भी पहले से जारी व्यवस्था को लेकर असमंजस की स्थिति में थीं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद राज्य चाहें तो परीक्षा करा सकते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि केंद्र सरकार ने कक्षा 5 व 8 के छात्रों को अनुत्तीर्ण न करने की नीति को खत्म करने के संबंध में शिक्षा के अधिकार कानून में बदलाव करके इसे वर्ष 2019 में ही अधिसूचित कर दिया था, लेकिन देश के बहुत से राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इसे अपनाये हुए हैं। गौरतलब है कि जुलाई 2018 में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर लोकसभा में शिक्षा का अधिनियम, 2009 के संशोधन पर अपनी बात रखते हुए यह कहा था कि 'कई सरकारी स्कूल अब मिड डे मील स्कूल बन गए थे क्योंकि इनमें शिक्षा और सीखना गायब है।'गौरतलब है कि उस समय केंद्र में नो डिटेंशन पॉलिसी थी, जिसे अब केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा के लिए हटा दिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि शिक्षा संविधान में आज समवर्ती सूची का विषय है।1976 से पूर्व शिक्षा पूर्ण रूप से राज्यों का उत्तरदायित्व था, लेकिन 1976 में किये गए 42 वें संविधान संशोधन द्वारा जिन पाँच विषयों को राज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में डाला गया, उनमें शिक्षा भी शामिल थी। गौरतलब है कि समवर्ती सूची में शामिल विषयों पर केंद्र और राज्य मिलकर काम करते हैं। अब केंद्र सरकार ने शिक्षा (पांचवीं/आठवीं कक्षा के बच्चों) के संदर्भ में यह निर्णय लिया है कि कमजोर छात्रों की मॉनीटरिंग हो और इनकी कमजोरी को चिह्नित कर अभिभावकों की मदद से इन छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिक्षा के स्तर में सुधार किए जा सकें। यह पॉलिसी केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय व सैनिक स्कूलों सहित सरकार द्वारा संचालित तीन हजार से ज्यादा स्कूलों में लागू होगी। कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर लंबे समय से सवाल उठाये जा रहे थे। अब नई पालिसी से शिक्षा में पहले से कहीं अधिक सुधार होगा। यह भी कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए, क्यों कि शिक्षा का किसी राष्ट्र का प्रमुख आधार स्तंभ होती है, विकास की असली रीढ़ होती है। आज भी हमारे देश की शिक्षा प्रणाली कमोबेश मैकोले शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। अतः आज जरूरत इस बात की है कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर हमेशा ठोस कार्य हों। शिक्षा पद्धति को जटिल नहीं अपितु सरल होना चाहिए अथवा उसमें ऐसा समावेश किया जाना चाहिए, जिससे छात्र सरलता से जटिलता की ओर आगे बढ़ें। नीरस और स्तरहीन शिक्षा का कोई औचित्य नहीं होता। आज जरूरत इस बात की है कि शिक्षा में परंपरागत पद्धतियों के स्थान पर आधुनिक पद्धतियों का समावेश किया जाए। आज के परिवेश में छात्र अधिक महत्वपूर्ण है। विद्यालयों में विभिन्न संसाधनों इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही शिक्षकों की कमी आदि पर भी आज ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा में पर्यावरण, प्रकृति व खेल को विशेष स्थान दिया जाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा से जुड़ें। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि आज शिक्षा का अधिकार जितना अहम है, उतना ही उसकी गुणवत्ता में कंट्रोल भी जरूरी और अति आवश्यक है। बिना गुणवत्ता वाली शिक्षा का कोई औचित्य नहीं है। समाज को भी यह समझना होगा कि अनुत्तीर्ण छात्र को अनुत्तीर्ण करना ही उचित व सही है। अनुत्तीर्ण छात्र को उत्तीर्ण करने से शिक्षा में गुणवत्ता कहां से आएगी ? अनुत्तीर्ण छात्र की शिक्षा पर ध्यान दिया जा सकता है, उसे अभ्यास और मेहनत से नये आयामों की ओर ले जाया जा सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि आज शिक्षा प्रणाली में निश्चित ही आमूलचूल परिवर्तन आए हैं, बहुत से सुधार किए गए हैं, लेकिन आज भी शिक्षा में और भी बहुत से सुधार किए जाने की आवश्यकता है। कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा को छात्रों को व्यावहारिक कौशल और ज्ञान से लैस करना चाहिए, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और दूसरों पर कम निर्भर हों। सच तो यह है एक व्यापक व अच्छी शिक्षा प्रणाली ही हमारे शरीर,मन और आत्मा को समृद्ध करती है और हमें देश के अच्छे नागरिक बनाती है और इससे व्यक्ति,देश, समाज और राष्ट्र उन्नयन और प्रगति की ओर अग्रसर होते हैं।

# पगडंडी के सहारे 3 नदियों को पार कर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

## दूरस्थ वनांचल सिरकेट्टी के 157 लोगों का हुआ नि:शुल्क उपचार, टीम ने घर-घर जाकर 1057 लोगों की स्क्रीनिंग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 30 दिसंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों मे विशेषकर पहुँचविहीन जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों मे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। मौसमी बीमारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी प्रकार के स्वास्थ्य किट के साथ दूरस्थ पहुंचविहीन क्षेत्रों में घर-घर दस्तक दे रही है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मेगा हेल्थ शिविरों के माध्यम से गाँवो में रहने वाले आखिरी व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों को पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम 3 नदी-नालों को पारकर पगडंडी के सहारे दूरस्थ वनांचल ग्राम सिरकेट्टी पहुंची और वृहद् स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। निक्षय निरामया छत्तीसगढ के अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत सुकमा जिले में एनटीईपी, एनवीबीडीसीपी, पिरामल फाउंडेशन और लेप्रा सोसाइटी के तत्वाधान में शुक्रवार को दुर्गम क्षेत्र ग्राम सिरसेट्टी के रेंगनपारा व पटेलपारा मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा समुदाय के लगभग 1057 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर क्षय, मलेरिया, कुष्ठ, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की गई। शिविर के दौरान 45 क्षय रोग के संदिग्ध व्यक्तियों का बलगम सैंपल लिया गया एवं जाँच के लिए जिला क्षय उन्मूलन केंद्र भेजा गया। इसके साथ ही शिविर में आने वाले लगभग 157 लोगों का स्वास्थ्य जाँच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। अपने गांव में ही निःशुल्क दवा तथा ईलाज की सुविधा पाकर ग्रामीण बहुत खुश हुए। वे अपने तथा अपने परिवार के लोगों का स्वास्थ्य जांच कराने बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में ग्रामीणों को मौसमी बीमारी से सावधान रहने, रात में मच्छरदानी लगाकर सोने तथा अपने आस-पास साफ-सफाई रखने की समझाइश दी गई। स्वास्थ्य शिविर में क्षय उन्मूलन विभाग से जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री मुकेश रॉय, मलेरिया विभाग से ब्लॉक टेक्निकल सुपरवाइज़र कु. मालती नेताम, सेक्टर सुपरवाइजर श्री श्यामलाल ध्रुव, पिरामल फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश सोलंकी और लेप्रा सोसाइटी से जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री अमित कुण्डू उपस्थित थे।





# नए साल की शुरुआत में नेतानार पर्यटन स्थल बना आकर्षण का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 30 दिसंबर।** नए साल की शुरुआत के साथ ही जगदलपुर विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में स्थित नेतानार पर्यटन स्थल पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया है। प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध यह स्थान हर उम्र के पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। धुरवा जनजाति के शहीद वीर गुंडाधुर की जन्मस्थली नेतानार, जो अपनी हरी-भरी वादियों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, इन दिनों सर्दी के मौसम में और भी अधिक मनमोहक हो गया है। सर्द हवाओं और सुबह की धुंध के बीच पर्यटक यहां की सुंदरता का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। नेतानार के आसपास के गांवों की जनजातीय संस्कृति और लोक कला भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। नेतानार गांव के मध्य में बहती उयधीर नाला पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण हैं। यहां बम्बू राफ्टिंग का मजा लेने के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं। जिससे स्थानीय पर्यटन समिति के युवाओं को अच्छा रोजगार भी मिल रहा है। इस पर्यटन समिति के सदस्य ग्रामीण युवा फूलसिंह बताते हैं कि शासन ने उन्हें सामुदायिक वन संसाधन पत्र प्रदान किया है, जिससे पर्यटन समिति में गांव के 45 युवा जुड़े हैं। अब उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध हो रहा है। वर्तमान में पर्यटकों को स्थानीय खान-पान की सुविधा देकर उन्हें बस्तर की पारंपरिक व्यंजनों से परिचित करवा रहे हैं। इसके साथ ही स्थानीय मार्गदर्शक भी उपलब्ध हैं जो पर्यटकों को क्षेत्र की जानकारी देते हैं। आगामी दिनों में एडवेंचर के शौकीनों के लिए यहां ट्रैकिंग और कैंपिंग की सुविधाएं मुहैया करवाएंगे।

पर्यटन समिति के सदस्य सोनू नाग ने बताया कि वन और पर्यटन विभाग इस साल नेतानार में पर्यटकों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं विकसित करने पर ध्यान दे रही है। पर्यटन समिति के जरिए पर्यटकों के लिए शौचालय, बम्बू राफ्टिंग स्थल तक सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाए जाने पहल किया जा रहा है। नेतानार के ग्रामीण युवाओं की पर्यटन समिति ने पर्यटकों से अपील की है कि वे नेतानार में स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखें और प्रकृति के इस अनमोल उपहार को संरक्षित करने में सहयोग करें। जिससे यहां पर देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। नेतानार का यह पर्यटन स्थल न केवल क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अगर आप भी नए साल की शुरुआत में प्रकृति के बीच समय बिताने की योजना बना रहे हैं, तो नेतानार आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।



# ग्रामीण युवा सुजीत कर रहे मछलीपालन से लाखों की कमाई

**जगदलपुर, 30 दिसंबर।** जिले के बस्तर विकासखण्ड अंतर्गत छोटे से गांव भरनी के युवा सुजीत प्रजापति ने मछलीपालन का व्यवसाय कर लाखों की आमदनी की है। सेवानिवृत्त विद्युत लाईनमेन के 24 वर्षीय पुत्र सुजीत प्रजापति ने मैकेनिकल में पॉलिटेक्निक की पढ़ाई के बाद मछलीपालन में रुचि दिखाई, इस दौरान बीबीए की पढ़ाई भी जारी रखी। इस दौरान मछलीपालन की नई तकनीक बॉयोफ्लॉक को देखकर सुजीत को भी इस व्यवसाय ने आकर्षित किया और उन्होंने सात वर्ष पूर्व इस व्यवसाय से जुड़ने का निश्चय किया और तीन बॉयोफ्लॉक टैंक के साथ व्यवसाय की शुरुआत की। अत्यंत नई तकनीक तथा इस क्षेत्र में किसी मार्गदर्शक के नहीं होने के कारण पहले वर्ष उन्हें व्यवसाय में नुकसान भी हुआ, लेकिन उन्होंने व्यवसाय को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया। दूसरे वर्ष थोड़ा अनुभव बढ़ने का फायदा मिला और इस व्यवसाय में लाभ परिलक्षित हुआ। सुजीत के मछलीपालन के प्रति रुचि को देखते हुए मत्स्यपालन विभाग ने भी सहयोग करने का निर्णय लिया। इसके बाद सुजीत ने सात बॉयोफ्लॉक टैंकों में मछलीपालन प्रारंभ किया। इसकी लागत लगभग साढ़े सात लाख रुपए आई। विभाग द्वारा 40 फीसदी अनुदान दिया गया, जिससे सुजीत को मात्र साढ़े चार लाख रुपए खर्च करना पड़ा। सुजीत बताते हैं कि गत वर्ष मात्र 40 हजार रुपए के मछली बीज से लगभग नौ लाख रुपए से अधिक के मछली तैयार किए और मछलीपालन के खर्च को जोड़ भी दिया जाए, तब भी लगभग चार लाख रुपए की शुद्ध आय प्राप्त हुई। अब सुजीत के अनुभवों का लाभ दूसरे किसान भी उठा रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में मछलीपालन कर रहे हैं। सुजीत भी अब मछलीपालन के साथ ही मछली चारा उत्पादन का व्यवसाय भी कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के मछलीपालक किसानों को मत्स्य आहार के लिए दूसरे क्षेत्रों पर निर्भर न रहना पड़े। सुजीत अपनी इस सफलता के लिए मछलीपालन विभाग के साथ ही अपने माता-पिता और भाई को भी श्रेय देते हैं। सुजीत ने कहा कि व्यवसाय की शुरुआती असफलता के बावजूद माता-पिता और भाई ने पूरा समर्थन दिया, जिससे वे इसे और अधिक परिश्रम व अनुभव से इस व्यापार में लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे तिलापिया और पंगेशियस मछली का पालन कर रहे हैं, जिसकी तेजी से वृद्धि होने के कारण यह अत्यंत लाभदायक व्यवसाय साबित हो रही है।



## पोलावरम बांध का निर्माण कार्य पूरा, समस्याएं जस की तस

**सुकमा 30 दिसंबर।** पोलावरम बांध का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन सुकमा जिले के उन 18 गांवों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जो इसके कारण डूब क्षेत्र में आ गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार और प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि इन गांवों में अब तक कोई सर्वे नहीं हुआ है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है, क्योंकि बिना उचित सर्वे और पुनर्वास योजनाओं के, इन गांवों के हजारों लोगों का भविष्य अंधकार में है। सरकारें दावा करती हैं कि बड़े बांध विकास का प्रतीक हैं, लेकिन इस विकास की कीमत आदिवासी और ग्रामीण समुदायों को विस्थापन और आजीविका के नुकसान के रूप में चुकानी पड़ रही है। यह वीडियो इस बात का सबूत है कि बांध पूरी तरह बन चुका है, लेकिन डूब क्षेत्र में रहने वाले परिवारों की समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हुआ। क्या प्रशासन इन गांवों की सुध लेगा, या इन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया जाएगा।



## विराट हिन्दू सम्मेलन में 600 परिवार के लोगों की मूल धर्म में कराई वापसी



**जगदलपुर 30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जांजगीर चांपा जिले के सक्ति में सनातन हिन्दू पंचायत सम्मेलन कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में रामबालक दास महाराज , साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ,बस्तर सांसद महेश कश्यप व भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव ने 600 परिवार के लोगो के पैर धुलाकर एवम तिलक लगाकर उन्हें मूल हिन्दू धर्म वापसी कराया है। इस कार्यक्रम में बाबा रामबालक दास, बाबा रामरूप दास, बाबा अजय उपध्याय ने मौजूद लोगों को धर्म के प्रति प्रवचन के माध्यम से जागरूक किया।

## प्रधानमंत्री ने मन की बात में की सराहना

# बस्तर ओलंपिक में पायल कवासी और पुनेम का दमदार प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 30 दिसंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 117 वीं कड़ी में रविवार को बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास और युवाओं की ऊर्जा का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह खेल आयोजन केवल एक खेल महाकुंभ नहीं, बल्कि बस्तर में एक नई सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का प्रतीक है।

**सुकमा जिले के खिलाड़ी पायल और पुनेम का किया जिक्र:** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुकमा जिले में उभरते खेल प्रतिभाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सुकमा की पायल कवासी जी की बहादुरी कम प्रेरणादायक नहीं है। जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाली पायल जी कहती हैं अनुशासन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। सुकमा के दोरनापाल के पुनेन सन्ना की कहानी तो नए भारत की प्रेरक कथा है। एक समय नक्सली प्रभाव में आए पुनेम जी व्हीलचेयर पर दौड़कर मेडल जीत रहे हैं। उनका साहस और हौसला हर किसी के लिए प्रेरणा है। उल्लेखनीय है कि बस्तर ओलंपिक 2024 के दौरान पारंपरिक खेल भाला फेंक में पायल कवासी ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया था।

**प्रधानमंत्री का जताया आभार:** पायल ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम जैसे छोटे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का बहुत बहुत धन्यवाद। मन की बात में सुकमा जिले के खिलाड़ियों का जिक्र करना हम सभी दूरस्थ वनांचल के खिलाड़ियों के लिए गौरवशाली पल है।

**पारंपरिक खेलों को मिली नई पहचान:** बस्तर ओलंपिक में परंपरागत खेलों तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी और रस्साकशी भाला फेंक जैसे खेलों का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर संभाग में न केवल खेल कौशल को निखारने का एक मंच बना, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने के साथ ही मुख्य धारा से जोड़ने का भी अवसर देना था। ग्रामीणों और महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने से ये क्षेत्र भी प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।



## एक नजर

### ट्रक-बाइक की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत, 1 गंभीर

**जगदलपुर 30 दिसंबर।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरपाल के पास शनिवार की रात 11 बजे एनएच पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डायल 112 की मदद से मेकॉज ले जाया गया। दुर्घटना के बाद आस-पास के ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। ग्रामीण की मौत की सूचना पर परपा पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने शव उठाने से मना कर दिया। पुलिस की समझाइश के बाद देर रात 12~30 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज पंहुचाया गया। पुलिस आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री ने किया आकांक्षी जिला के तहत चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन

**दंतेवाड़ा, 30 दिसंबर।** जिला दंतेवाड़ा में अपने प्रवास के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने आज बाल मित्र पुस्तकालय, जैविक कृषि, नव गुरुकुल एवं एसएचसी सेंटर घोटपाल का अवलोकन भ्रमण किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री सर्वप्रथम मुख्यालय के चितालंका ग्राम स्थित बालमित्र पुस्तकालय पहुंची। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा शाला त्यागी बच्चों को नवीन शिक्षा के क्षेत्र में जोड़ने के लिए बच्चों की पुस्तकालय के साथ बाल-हितैषी जिला बनाने की पहल की गई है। ताकि जिले के जितने भी शाला त्यागी बच्चे है उन्हें बाल मित्र कार्यक्रम योजना से जोड़ा जाए। जिससे बच्चों का मन पुस्तकीय ज्ञान की और आकर्षित हो सके। इस संबंध में जिले के प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने मंत्री को अवगत कराया कि जिले में संचालित बाल मित्र पुस्तकालय एवं गतिविधि केन्द्र अभी तीन विकासखण्ड में प्रारंभ की गई है। ''बाल मित्र कार्यक्रम'' दंतेवाड़ा के बच्चों की शैक्षिक, सुरक्षा और विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अग्रणी पहल है। जिला प्रशासन और गैर-लाभकारी संगठन ''बचपन बनाओ'' के सहयोग से विकसित, यह कार्यक्रम पंचायतों में बाल मित्र पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र (बीएलसीएसी) की स्थापना पर केंद्रित है। ये केंद्र बच्चों के लिए शिक्षा के संदर्भ में सुरक्षित, सुलभ स्थान प्रदान करते हैं इस कार्यक्रम के द्वारा साक्षरता, सामाजिक भावनात्मक विकास और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल के केंद्र में बाल मित्र साथी के रूप में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर सहयोग लिया जायेगा।

### नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**धमतरी 30 दिसंबर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वेरनदत्त एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जिनका मोबाईल नंबर 70490-04111 है। इसी तरह जिला प्रचायत के प्रोग्रामर श्री हितेश सिन्हा और सहायक प्रोग्रामर सामान्य निर्वाचन श्री अखिलेश आहूजा को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। बता दें कि सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए एक जनवरी 2025 के पूर्व सभी विभागों में ई-ऑफिस क्रियान्वयन करने का लक्ष्य रखा गया है।

### निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

**धमतरी 30 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कराने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन करते हुए एक जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे/आपत्तियां प्राप्त करना 31 दिसम्बर 2024 तथा दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 06 जनवरी 2025 सोमवार, अपरान्ह 3 बजे और दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख गुरूवार 9 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। इसी तरह प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक तथा प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराक़रण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर तथा परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पी.डी.एफ. मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना एवं अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

### जो मनुष्य आध्यात्मिक रुप से धनवान है वह जीवन में श्रेष्ठ है : सुरेंद्र बिहारी

**कोरबा 30 दिसंबर।** जो मनुष्य आज के भौतिक सुख साधन की जगह आध्यात्मिक रास्ते को अपनाकर जीवन में चलता है और श्रद्धा और आध्यात्म के साथ जीवन व्यतीत करता है वह जीवन में श्रेष्ठ है। ऐसे व्यक्ति सामाज में आध्यात्म का प्रचार प्रसार करने के साथ चिंतन करते हैं। उक्त बातें डॉ. पंडित सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी ने दीनदयाल मार्केट स्थित पीली कोठी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। श्री गोस्वामी दर्शन परिवार एमपी नगर द्वारा आयोजित 24 से 30 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य ब्यास कथा वाचक के रूप में उपस्थित होकर श्रद्धा और आध्यत्म पर प्रवचन दे रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आध्यात्म उन्हें विरासत में मिली है और वे अपने पिता चैतन्य गोस्वामी जी से किशोरवय अवस्था में ही दीक्षा लेकर देश-विदेश तक लोगों को सहजता का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना व्यवसायिक चिंतन के आध्यात्म एवं सनातन धर्म तथा हमारी विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के राजनांद गांव में ही जन्म लेकर देश-विदेश तक भगवत गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा की बैठक में आगामी चुनाव को लेकर विषयवार रणनीति बनाई



**सुकमा 30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आज भाजपा कार्यालय में अहम बैठक आहूत की गई । जिसमें भाजपा पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता सभी पूर्व पार्षद, वर्तमान पार्षद व आगामी चुनाव में पार्षद चुनाव लड़ने हेतु इच्छुक जन विशेष रूप से उपस्थित रहें । बैठक में आगामी चुनाव को लेकर विषयवार रणनीति बनाई गई । *इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि अभी संगठन का महापर्व चल रहा हैं यह हमारे लिए गर्व की बात हैं इसलिए हमें यह समझना होगा कि संगठन में शक्ति हैं इसलिए सभी मिलजुलकर चुनाव में मेहनत करे निश्चित ही हमें जीत हासिल होगी और अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्डो में भाजपा का परचम लहराएगा । उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी वार्डो में लोगों के बीच पहुंचे और उन्हें हमारी डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताए । श्री बारसे ने कहा कि हमारी यह जिम्मेदारी हैं कि दिन भर में हम कम से कम 4 से 5 घंटे पार्टी कार्य के लिए निकाले ताकि हम पहले के जैसे आगे भी कार्य करें क्योंकि सभी के मेहनत के वजह से लोकसभा में हमने कोंटा विधानसभा से लीड हासिल की थी । उसके बाद जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने सभी 15 वार्डो के लिए बनाए गए प्रभारी व सहप्रभारी के बारे में बैठक में जानकारी दी । इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज देव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय सोढ़ी, मंडल अध्यक्ष रमाकांत नायक, महामंत्री खेमलाल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री ने आकांक्षी जिला दंतेवाड़ा के संबंध में ली बैठक

**दंतेवाड़ा, 30 दिसंबर।** आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आकांक्षी जिला दंतेवाड़ा के परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने दंतेवाड़ा जिले के स्वास्थ्य, सुपोषण और शिक्षा तथा कृषि में विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा बच्चों में सुपोषण वृद्धि हेतु आंगनबाड़ियों में ''यूनिवर्सल अंडा'' वितरण कार्यक्रम की विशेष रूप से सराहना करते हुए और अन्य जिलों में भी इस कार्यक्रम को लागू करने की बात कही। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने इस समीक्षा बैठक में जैविक कृषि जिला अन्तर्गत दंतेवाड़ा में अब तक किए गए प्रयासों को भी अनुकरणीय बताते हुए जैविक उत्पादों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग और निर्यात तथा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के साथ समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में जिले के प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री को जिले के अन्तर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पीएचई (लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग), वित्त, और कौशल विकास के क्षेत्र में चल रहे प्रगति मूलक विषयों एवं किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। इसके अलावा बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, संस्थागत प्रसव, अस्पतालों की आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने, और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के प्रयास। महिला एवं बाल विकास कुपोषण उन्मूलन, महिलाओं के सशक्तिकरण और बाल कल्याण के संबंध में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और डिजिटल शिक्षा, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की बात कही और किसानों की आय दोगुनी करने और आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जल संरक्षण उपायों को लागू करने पर जोर दिया।



**जगदलपुर 30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** निकाय चुनाव व त्रि स्तरीय पंचायत में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती को लेकर पिछडा वर्ग समाज ने किया एनएच में चक्काजाम.. आज बस्तर बंद का भी किया गया है आव्हान...चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने नही दिया समर्थन।जगदलपुर से रायपुर जाने वाले लाल बाघ चौक में बैठा समाज शहर व चक्काजाम स्थल में भारी संख्या में पुलिस बल को किया गया तैनात। समाज के लोगो ने जताया कड़ा विरोध.. कहा समाज का नही सुन रही है सरकार..4 घंटे तक चक्काजाम रहने की बात कही।

## एक नजर

### पूंजीपथरा पुलिस ने माजदा वाहन और डंप अवैध कबाड़ को किया जब्त



**रायगढ़ 30 दिसंबर** । एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के तहत रायगढ़ जिले में अवैध कबाड़ के परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 27 दिसंबर 2024 को पूंजीपथरा पुलिस ने दो अलग.अलग कार्रवाइयों में अवैध कबाड़ का परिवहन कर रहे एक माजदा वाहन और डंप किए गए लोहे के कबाड़ को जब्त किया।पहली कार्रवाई-पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम तराईमाल में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद स्वराज माजदा (क्रमांक सीजी 13 यूएफ 2306) अवैध कबाड़ लेकर रायगढ़ से गेरवानी की ओर जा रही है। सूचना पर गेरवानी चौक के पास पुलिस ने वाहन को रोककर जांच की। ड्राइवर राजेश सोनी ;30 वर्ष निवासी लुडेगए थाना पत्थलगांवए जिला जशपुर के वाहन में लोड का कबाड़ 1100 किलोग्रामद्ध कीमती 33,000 की जप्ती की गई।

### आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए मंगाए गए ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। वर्ष 2025-26 में इन विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र मंगाए जाने हेतु तिथि एवं समय निर्धारित किए गए है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 21 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक रात्रि 12 बजे तक, जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 28 जनवरी 2025 से 7 फरवरी 2025 तक, प्रवेश पत्र डाउनलोड करने एवं प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा की तिथि पृथक से दी जाएगी। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक https:eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission-Detail उक्त संबंध में आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास/परियोजना प्रशासक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### प्रस्तावित ई लायब्रेरी का नाम दिवंगत पूर्व पीएम मनमोहन के नाम पर होगाः राशि

**महासमुंद,30दिसंबर।** पालिका द्वारा 2024-25 के बजट में प्रस्तावित ई लाइब्रेरी पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नाम पर होगा। ई लाइब्रेरी के नाम की घोषणा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि दिवंगत डॉ सिंह को शहरवासियों की ओर से यही भावभीनी श्रद्धाजंलि होगी।



श्रीमती महिलांग ने कहा कि पूर्व पीएम सिंह 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहने के पूर्व उन्होंने 1991 से 96 तक भारत के वित्त मंत्री, 1982 से 85 तक रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर जैसे देश के प्रमुख पदों पर रहें। भारत के आर्थिक सुधारों का श्रेय भी इन्हें दिया जाता है। जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा था तब अर्थशास्त्री सिंह के नेतृत्व में भारत को आर्थिक मंदी छू भी नहीं पाई थी। उस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत के मजबूत अर्थव्यवस्था जानने के लिए डॉ मनमोहन सिंह से सहयोग मांगा था। श्री सिंह का सादा जीवन उच्च विचार की तरह जीवन शैली रही। व्यवहार कुशल सिंह की प्रशंसा पक्ष के साथ ही विपक्ष के नेता भी करते थे।

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी सरिता पटेल

**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सशक्त करने और नई तकनीकों के प्रसार में रायगढ़ के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित निकरा परियोजना ने एक उल्लेखनीय पहल की है। ग्राम नवापारा, विकासखंड खरसिया निवासी श्रीमती सरिता पटेल ने इस परियोजना के माध्यम से न केवल अपने खेत में उत्कृष्ट कार्य किया, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गईं।

श्रीमती सरिता पटेल अपने पति श्री तेजराम पटेल के साथ खेतों में ट्रैक्टर चलाने और सीड ड्रिल मशीन से गेहूं की कतारबोनी कर यह दिखाया कि महिलाएं भी कृषि के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। उनके इस कार्य के लिए जिले के किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने महिला सशक्तिकरण के रूप में सराहना की। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ द्वारा निकरा परियोजना के तहत गेहूं और सरसों की कतारबोनी के लिए सीड ड्रिल मशीन का उपयोग प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस तकनीक से न केवल समय और श्रम की बचत होती है, बल्कि उत्पादन में भी वृद्धि होती है। केंद्र द्वारा स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किसानों को सीड ड्रिल मशीन उपलब्ध कराई जाती है। निकरा परियोजना के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, फसल उत्पादन, पशुपालन और संस्थागत कार्यक्रमों के चार प्रमुख घटकों पर कार्य किया जा रहा है।

# पलारी जलाने वालों पर कार्रवाई की जाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 30 दिसंबर।** जिला प्रशासन के द्वारा जिलाधीश दीपक अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में आज समय सीमा की बैठक आहूत की गई जिसमें अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जिलाधीश ने सारे निर्णय पर शक्ति से लागू करने की बात कही उन्होंने कहा कि विभिन्न निर्माण एजेंसियां थर्ड पार्टी एजेंसियों से भौतिक सत्यापन कराकर ही भुगतान करें निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। साथ ही इस वर्ष छे माही परीक्षा में जिन स्कूलों का रिजल्ट ठीक नहीं है वह रिजल्ट पर विशेष ध्यान दे तथा बच्चों को शिक्षा हेतु प्रेरित करें जरूरत पड़े तो ऑनलाइन क्लासेस भी लें ।इस अवसर पर जिलाधीश ने यह भी निर्देश दिया कि विभिन्न जनदर्शन, जन समस्या निवारण शिविर ,उच्च कार्यालय से प्राप्त विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण तत्परता से करें। अवैध खनन व परिवहन पर विशेष ध्यान रखें और इस पर रोक पर कढ़ाई बरते । विभिन्न स्कूलों में एस.डी.एम. सतत निरीक्षण करें और स्वयं बच्चों को पढ़ाई हेतु प्रेरित करें ।धान खरीदी को लेकर उन्होंने कहा कि धान खरीदी नियमित हो वर्षा से धन को बचाए ताल पत्री और पोलिंथीन ढक कर रखें, बरदानों की कमी होने पर तत्काल उन समितियां में बारदाना भिजवाया जाए। श्रम विभाग के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान देते हुए गर्भवती के समय उन्हें मिलने वाले विभिन्न पोषण आहार का पर्याप्त लाभ दिलवाएं ।जिन विद्यार्थियों का आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है उसे अधिकारी प्राथमिकता पर ध्यान देते हुए जल्द से जल्द उनका प्रकरणों का निपटारा करें।



अनुकंपा नियुक्तियों के प्रकरण पर प्राथमिकता से ध्यान दें तथा उसे पर तेजी लाएं ।जो किसान ग्रीष्मकालीन फसल ले रहे हैं उन्हें अन्य फसलों के लिए भी प्रेरित करें और फसल चक्र की महत्वता उनके बतलाएं साथ ही विभिन्न स्थानों पर पलारी जलाने का प्रकरण हो रहा है इन पर शक्ति से रोक लगाई जाय।ग्राम पंचायत के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी निरीक्षण करें तथा जिन पंचायत में खामियां पाई जा रही है उसे लेकर विभिन्न कार्यालय क़ो सूचना देने और वहां होने वाले कमियों पर रोक लगाई जाय। अंत में उन्होंने कहा कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत पर विशेष ध्यान दें ऐसे पंचायत बनाया जाए जहां पर कुपोषण की एक भी प्रकरण ना हो ।उक्त बैठक में जिलाधीश दीपक अग्रवाल जिला पंचायत सीईओ रिता यादव रीता यादव के साथ ही जिला के प्रमुख अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे

# जिला जेल में रोग की पहचान के लिए 80 बंदियों की स्क्रीनिंग,65 का एक्स-रे किया गया



**महासमुंद,30 दिसंबर।** समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की गंभीर बीमारियों की पहचान और उनका उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत 7 दिसंबर 2024 से हुई। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग और वृद्धजनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं सीएमएचओडॉ. पी कुदेशिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।शनिवार को इस अभियान के तहत जिला जेल में विचाराधीन बंदियों का टीबी स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक मशीन का उपयोग किया गया। कुल 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमे से 65 का एक्स-रे किया गया। इस अभियान के तहत महासमुंद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर और जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि समुदाय के हर वर्ग को इस अभियान से लाभान्वित किया जाए। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन का अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### सक्षम योजना से सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ती महिलाएं

**रायगढ़, 30 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत संचालित सक्षम योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इस योजना से जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने में महती भूमिका निभा रही है। योजना का उद्देश्य विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में सशक्त बनाना है।ऐसी ही कहानी है तहसील पुसौर के ग्राम लारा निवासी अंजली भोय की। जो सिलाई का कार्य जानती थीं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण इसे व्यवसाय के रूप में नहीं कर पा रही थीं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पुसौर परियोजना की सुपरवाइजर की सहायता से उन्होंने सक्षम योजना के लिए आवेदन किया।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने नई सेंट्रल लाइब्रेरी का अवलोकन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,30 दिसंबर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक नई दिल्ली अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान नवनिर्मित सेन्ट्रल लाईब्रेरी का अवलोकन किया। उक्त भवन में लाईब्रेरी के अलावा कम्प्यूटर क्लासेस उच्च तकनीक के कम्प्यूटर वीआर सेट गेमिंग जोन सहित टेलिस्कोप एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं बच्चों के मनोरंजन के साधन मौजूद हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती पटेल ने लाईब्रेरी पहुंच कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली जिससे एक छात्र ने नीट की तैयारी एवं एक छात्रा द्वारा सीजीपीएससी की तैयारी करने की जानकारी दी। लाईब्रेरी का सही उपयोग कर मेहनत और लगन से परिश्रम कर सफलता अर्जित करने के लिए मंत्री महोदया द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बताया सेन्ट्रल लाईब्रेरी को न्यू एज लार्निंग सेंटर के रूप में डेव्हलप किया जा रहा है। जहां पर विद्यार्थियों एवं सभी आयु वर्ग के लोगों को मार्डन टेक्नोलॉजी जैसे वी.आर. सेट, अत्याधुनिक कम्प्यूटर, टेलीस्कोप, एलेक्सा एवं विभिन्न प्रकार के माईन्ड गेम्स के माध्यम से लर्निंग को इंटरेक्टिव बनाया जा रहा है। जिसका लाभ जिले के विद्यार्थियों के साथ-साथ आम जन को भी हो रहा है। उक्त गतिविधियां करते हुए बच्चों ने मंत्री के समक्ष अपना-अपना अनुभव साझा किए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, डीएफओ श्री रामाकृष्णन वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।



# शिव महापुराण कथा में शामिल हुए नपा सभापति निखिलकांत साहू



**महासमुंद।** नयापारा वार्ड क्र. 7-8 संतोषी मंदिर चौक पर शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कथा वाचक पं. सुनील प्रसाद पांडेय द्वारा श्रोता भक्तों को शिव कथा श्रवण कराया जा रहा है। उक्त आयोजन में 28 दिसंबर को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव-माता सती की पूजा अर्चना कर समस्त नगर वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।कथा वाचक पं. सुनील प्रसाद पांडेय ने पार्वती विवाह कथा का श्रवण श्रोताओं को कराया। उन्होंने कहा कि पर्वत राज ने भगवान शिव से उनका गोत्र पूछ लिया था। जिन्हें नारद ने समझाया था कि संपूर्ण सृष्टि, चराचर के स्वामी भगवान शिव ही हैं, शिव ही उत्पत्ति है और शिव ही विनाशक है। प्रदेश युकां महासचिव साहू ने कहा कि महासमुंद धार्मिक नगरी है। धार्मिक आयोजनों में हमारा शहर अव्वल रहता है। इस अवसर पर उत्तम पटेल, विजय विश्वकर्मा, मयंक चंद्राकर, सिद्धार्थ सिन्दे, त्रिलोचन सिन्हा, ओम प्रकाश पटेल, भरत पटेल, गुलाब अवसर, मयंक अवसर, देवकी पटेल, राधाबाई अवसर, कुमारी बाई पटेल, रेवती चंद्राकर, शोभा तंबोली, यामिनी यादव, मालती साहू आदि उपस्थित रहे।

# 229 बटालियन ने फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान का आगाज किया



**बीजापुर,30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन द्वारा दिनांक 29/12/2024 को सुबह फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान को हरी झंडी दिखाई गई जिसमें मुख्यालय में उपस्थित 85 अधिकारी/जवानों एवं क्षेत्रीय युवाओ के साथ-साथ वरिष्ठ नागारिको ने भाग लियाइस अवसर पर सभी राजपत्रित अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण/जवानों एवं क्षेत्रीय युवाओ के साथ-साथ वरिष्ठ नागारिको द्वारा 229 वाहिनी के मुख्यालय से बीजापुर शहर तथा आसपास की जगहों पर साईकिल यात्रा में भाग लिया, जिसका उद्देश्य साइकिलिंग को छोटी-छोटी आवश्यकताओं हेतु प्रयोग करने के उद्देश्य को एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम को फिट इंडिया साइकिलिंग रविवार के रूप में शुरू किया है। साइकिल चलाने से पर्यावरण को बहुत फायदा मिलता है, यह प्रदूषण का समाधान है और स्थायित्व में भी योगदान देता है। जिसका उद्देश्य बल के जवानों एवं उनके परिजनो को अच्छे स्वास्थ्य की ओर अग्रसर करना है तथा क्षेत्रीय युवाओ के साथ-साथ वरिष्ठ नागारिको को उनके द्वारा सभी को प्रेरित करते हुए कहा गया कि आप सब भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भागीदार बने और अपने परिजनों के स्वास्थ का ध्यान रखें।इस कार्यक्रम द्वारा लोगों में दैनिक कार्यों हेतु साईकिल के प्रयोग पर बल दिया जिससे न केवल स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा भी हो सकेगी क्योंकि वाहनों के बढ़ते प्रयोग से भीड़, जाम और प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर 229 वीं वाहिनी के अधिकारी, सिविल प्रशासन, पुलिस, स्कूल, अस्पताल के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुये।

# 1 लाख के इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष सहित 3 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर,30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना पामेड़ एवं केरिपु 151 की टीम धरमाराम, जीड़पल्ली की ओर निकली थी । अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा जीड़पल्ली से 03 माओवादियों को पकड़ा गया 1.रामबाबू पूनेम (डीएकेएमएस अध्यक्ष) पिता समैया जाति दोरला उम्र 25 वर्ष निवासी धरमारम थाना पामेड़, इनाम- 01.00 लाख 2.लखमा मड़कामी(मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर) पिता मंगरू जाति मुरिया उम्र 35 निवासी जीड़पल्ली थाना पामेड 3.हड़मा माड़वी(मिलिशिया कमाण्डर) पिता भुसका जाति मुरिया उम्र 37 वर्ष निवासी इंकाल थाना पामेड़पकड़े गये माओवादी दिनांक 07/08/2024 को ग्राम बड़शनपाल के ग्रामीण के अपहरण, हत्या एवं लूट की घटना एवं चिन्तावागु केरिपु कैम्प पर हमला करने की घटना में शामिल थे । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना पामेड़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय छ्र्स्त्र्ष्ट न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

# सात दिवसीय व्यतित्व विकास प्रशिक्षण आयोजित



**बीजापुर,30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यलय मे स्वयंसेवक संघ का प्रतिवर्ष प्रवेश वर्ग से तृतीय वर्ष तक का प्रशिक्षण का इस निमित्त ज़िला बीजापुर के ईकाई प्रवेश वर्ग के के लिए सात दिवसीय व्यक्तित्व विकास ज़िला पंचायत प्रशिक्षण केंद्र में सम्पन्न हुआ ।समापन समारोह में नगर के सम्मानीय प्रबुध्द जनों के उपस्थिति में हुआ ।जिसमें 55 शिक्षार्थी रहे है। जिसमें 04 खण्ड,17 मण्डल,19 गाँव,से सम्मिलित हुए हैं ।यह वर्ग शारीरिक,नैतिक,बौध्दिक एवं सर्वांगीण विकास,व्यक्तित्व निर्माण की दृष्टि से किया जाता है ।जिसमें माननीय संघचालक श्रीरविशंकर शुक्ला ज़िला बीजापुर के मार्गदर्शन में मुख्यशिक्षक से गण शिक्षक तक आपना-आपना भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल संचालन में समता,न्यूध्द,योगासन,दण्ड,एवं गीतों का अभ्यास कराया गया ।जिसका प्रदर्शन समापन में ज़िला प्रशासन बीजापुर,विधुत विभाग बीजापुर,नगरपालिका बीजापुर,स्वास्थ्य विभाग के साथ ही नगर के गनमान्य नागरिकों का भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### जवानों ने आईईडी बरामद किया

**बीजापुर,30 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत कैम्प चिन्नागेलुर से केरिपु 229 वाहिनी की टीम आरओपी एवं डीमाईनिंग ड्यूटी पर निकली थी डिमाइनिंग ड्यूटी के दौरान 229 वाहिनी की बीडी टीम के द्वारा तर्रेम-चिन्नागेलुर मार्ग पर तर्रेम टेकरी के पास पगडंडी मार्ग में माओवादियों के द्वारा लगाये गये आईईडी को बरामद किया गया। आईईडी पाईप में लगाकर डायरेक्शनल बम की तरह लगाया गया था, जिसे प्रेशर स्वीच सिस्टम से जोड़ा गया था।माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के उददेश्य से ढ्वश्वष्ठ लगाया गया था, सुरक्षा बल की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के मंसूबो को विफल किया गया।



# केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जिले में विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 दिसंबर।** एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे भारत सरकार के केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने जिले में संचालित विकास कार्य तथा भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर हो रहे क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला के रूप में चयनित बीजापुर जिले एवं आकांक्षी ब्लॉक उसूर के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा और आय के क्षेत्र में सुधार, बुनियादि ढांचे का विकास, कृषि, उद्योग, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा एवं जिले के विकास के लिए बने समग्र योजना हेतु प्राप्त संसाधनों के तहत वित्तीय सहायता, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण एवं निगरानी और मूल्यांकन जैसे विषयों पर समीक्षा करते हुए बीजापुर जिले के विकास संबंधी मूलभूत पहलुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने भारत सरकार के योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। गर्भवती माताओ के प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी करने, एनिमिया, सिकलीन, स्क्रीनिंग, टीबी के चिन्हाकिंत मरीजों को पौष्टिक आहार प्रदाय करने, निक्षय वाहन की पहुंच मरीजो तक हो, शालात्यागी बच्चों को पुनः प्रवेश, उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन, कृषि आधारित फसलो के उत्पादन को बढ़ावा देने, कृषि उत्पादक संगठनो को सक्रिय करने, पशुपालकों के पशुओ का टीकाकरण, प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्रों का समुचित संचालन सहित भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना, ÷वयो श्री योजना÷ की जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन कर बुजुर्गों को 6-7 प्रकार के मिलने वाली डिवाइस प्रदाय कर बुजुर्गो के जीवन स्तर को और भी सुगम बनाने के निर्देश दिए।वहीं जिले में विभागीय अमलो द्वारा की जा रही बेहतर क्रियान्वयन से डेल्टा रैकिंग में हो रहे सुधार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बीजापुर जैसे धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र में शासन के योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है जिससे बीजापुर जैसे पिछड़ा हुआ जिला अब विकास की ओर अग्रसर है।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में आ रही दिक्कतों से अवगत कराते हुए बताया कि लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से नागरिक सुविधाओं का विस्तार अब तेजी से हो रहा है। बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल सहित सभी प्रकार की बुनियादि सुविधाएं अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के नियद नेल्लानार योजना के तहत जमीनी स्तर पर शासन के योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो रहा है। वहीं जिला स्तर पर किए जा रहे अभिनव पहल के तहत सेन्ट्रल लाईब्रेरी, गारमेंट, फैक्ट्री सहित स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम, नियद नेल्लानार, के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में बस सुविधा का विकास सहित पहुंचविहीन क्षेत्रों में ट्रेक्टर के माध्यम से ग्रामीणों को राशन उपलब्ध कराने की योजना एवं सपूर्णता अभियान के तहत प्राप्त उपलब्धियों से अवगत कराया।वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सुरक्षा व्यवस्था एवं माओवाद घटनाओं में निरंतर कमी लाने सहित छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति एवं नक्सल ऑपरेशन की जानकारी से अवगत कराया।बैठक में डीएफओ श्री रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेशन नदंनवार सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

# शहर थाना में नया साल शांति से मनाये जाने को लेकर बैठक हुई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 30 दिसम्बर।** एडीशनल एसपी एच.एस.सिदार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार शहर टी.आई.परिवेश तिवारी की उपस्थिति मे नए साल 2025 के लिए दिशा-निर्देश जारी करने शहर थाना परिसर मे बैठक हुई टी.आई.परिवेश तिवारी ने बताया। चप्पे-चप्पे पर शहर मे पुलिस के जवान तैनात रहेंगे व नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराब और नशा कर वाहन नही चलाएं की हिदायत दी। ट्रिपल राइडिंग करने वाले वाहनों को जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। तेज आवाज में संगीत नही बजाने की हिदायत दी गई वहीं सडक पर केक काटने को प्रतिबंधित किया गया है, 1 जनवरी को धार्मिक स्थलों पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।सिविल ड्रेस में पुलिस जवान तैनात रहेंगे।वहीं शहरी और बाहरी इलाकों में रात को पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी डायल 112 की टीम तत्पर रहेगा। सार्वजनिक स्थानों, होटलों और ढाबों पर शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन और परोसने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है। नए साल का जश्न नियमों का पालन करते हुए मनाएं और पुलिस का सहयोग करें। यह सुनिश्चित करें कि आपका उत्सव सुरक्षित और आनंदमय हो। बैठक मे स्त्रद्ध संचालक, होटल, लॉज मालिक, रिसोर्ट मालिक व अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### सेमरा(बी) में कबड्डी प्रतियोगिता 31 को



**भखारा, 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सेमरा(बी) में नववर्ष की आगमन अवसर पर लक्ष्य युवा मंच एवं समस्त ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से 31दिसंबर दिन - मंगलवार को एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें प्रतिभागी टीमों के लिए प्रथम पुरुस्कार 8025 रुपये, द्वितीय पुरुस्कार 5025 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 3025 रूपये रखा गया है। उक्त कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले परमेश्वर साहू, चैनसिंह, मोंटू साहू से सम्पर्क कर सकते हैं।

### जंगल में मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका

**कोरबा, 30 दिसम्बर।** बालकों थाना क्षेत्र नावाडीह के जंगल में एक महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शव की पहचान निर्मला (35) वर्ष के रूप में हुई है। मामला बालको थाना क्षेत्र के ग्राम नावाडीह दोन्द्रो का है जहां, पुलिस को शनिवार की शाम एक महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने की सूचना मिली, मौके पर बालको थाना स्टॉफतत्काल रवाना हुआ। जहां उन्होंने पाया कि झाड़ियों के मध्य एक महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में पड़ी हुई थी, बालको पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है, बहर हाल मौत के असल कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

### एसईसीएल कर्मचारियों को आयकर रिटर्न भरने किया गया जागरूक

**कोरबा, 30 दिसम्बर।** कोरबा-पश्चिम में एसईसीएल कर्मचारियों को उनके आयकर रिटर्न (आईटीआर) को सही ढंग से दाखिल करने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में आयकर विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कर्मचारियों को सलाह दी गई कि वे ऐसे धोखेबाज एजेंटों का शिकार बनने से बचें जो भारी कमीशन के बदले आयकर रिफंड का वादा करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर के प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप एस. हेडेओ ने की। अतिरिक्त आयुक्त रितुपर्ण नामदेव, सी.आर. रेड्डी, संयुक्त आयकर आयुक्त बिलासपुर और आयकर विभाग के अन्य अधिकारी ने आयकर विभाग की तरफसे इस कार्यक्रम में भाग लिया। एसईसीएल की तरफसे एस.के. मोहंती, महाप्रबंधक (गेवरा क्षेत्र), सी.डी.एन. सिंह महाप्रबंधक (वित्त), विभिन्न क्षेत्रों के डीडीओ, अधिकारी, कर्मचारी और यूनियन प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### देवपहरी जलप्रपात में डूबे बालक की हुई मृत्यु

**कोरबा, 30 दिसम्बर।** जिलान्तर्गत देवपहरी जलप्रपात में नहाने के दौरान एक 15 वर्षीय बालक की उसमे डूबने से मृत्यु हो गई, डायल 112 द्वारा मौके पर पहुंच कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। रोज की तरह देवपहरी जलप्रपात में पिकनिक मनाने लोग पहुंचे हुए थे। इसी बीच बिलासपुर जिले का रहने वाला शुभम कश्यप पिता अरुण कश्यप उम्र 15 वर्ष पहुंचा हुआ था। जो नहाने के दौरान पानी की गहराइयों में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम से आरक्षक हिमाचल कंवर एवं चालक सत्येंद्र सिंह गेंदले मौके पर पहुंचे एवं शव को पानी से बाहर निकाल कर आगे की कार्यवाही में जुट गए है। प्रतिवर्ष पिकनिक स्थलों में पहुंचने वाले लोग अकसर लापरवाही बरतते है, जिससे लगातार मौत के मामले सामने आते है।

### सीएसईबी चौकी प्रभारी ने हेलमेट नहीं पहनने पर खुद कटवाया चालान

**कोरबा, 30 दिसम्बर।** कोरबा अंचल में दुपहिया चलाने के दौरान चालकों के लिए हेलमेट को जरूरी किया गया है। नियम पालन नहीं करने पर पुलिस लोगों का चलन करती है यह तो आपने सुना होगा। इधर कोरबा अंचल में सीएसईबी चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव को बिना हेलमेट के एक्टिवा चलाने पर अपनी ही चैकी में 500 की पेनल्टी मोटर व्हीकल एक्ट में जमा करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार चैकी प्रभारी जितेंद्र यादव किसी काम से एक्टिवा पर जा रहे थे और उन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था। इसी दौरान वहां से गुजरते हुए पुलिस अधीक्षक की नजर पड़ गई। अधिकारी ने इस बारे में अपने मातहत को बताया और चालान कटवाने को कहा।

## उप पंजीयक कार्यालय सिमगा में खेला जा रहा अवैध उगाही का खेल

# पंजीयन शुल्क कम कर जमीन की खरीदी बिक्री में लगाया जा रहा शासन को चूना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा, 30 दिसम्बर।** विगत कई वर्षों से उप पंजीयक सिमगा के द्वारा स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क कम लगाकार जमीन खरीदी बिक्री का कार्य कर शासन को चूना लगाया जा रहा है। संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी मौन है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड न. 11 सिमगा निवासी रामानंद तिवारी ने अपने मकान के बाजू में स्थित भूमि खरीदी का कागजात सूचना के अधिकार तहत प्राप्त किया उक्त कागजात का अवलोकन करने के बाद यह ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि तिल्दा मार्ग के रिहायशी इलाके में स्थित है। जो भूमि बेशकीमती है उक्त भूमि का खसरा क्रमांक 1529/5/1 रकबा 0. 012 हेक्टेयर है जो विक्रेता गुरूजीत सिंह भाटिया एवं सात अन्य के द्वारा क्रेता भूमिका पंजवानी के द्वारा 28 फरवरी 2020 को क्रय किया गया है। उक् भूमि की खरीदी में स्टांप शुल्क कम लगाकर उपपंजीयक सिमगा के द्वारा शासन को चुना लगाकर शासकीय आय पर डाका डालने का कार्य किया गया है। उसके एवज उसने अपनी जेब गरम करने का कार्य किया है। यह कार्य पूर्व उपपंजीयक चंद्र प्रकाश ओगरे के द्वारा किया गया था। बताते चलें कि यह कोई पहला मामला नहीं है। जमीन खरीदी बिक्री में बड़े पैमाने पर वर्तमान उपपंजीयक सिमगा के द्वारा भी शासन के द्वारा निर्धारित मूल्य के अनुसार स्टांप न लगाकर सरकार को चुना लगाने कार्य बदस्तूर जारी है। बताते चलें कि यह सारा खेल नगर के एक कुख्यात स्टांप वेंडर जिसके कारनामे सिमगा के प्रायः प्रायः सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञात है उसके साथ मिलीभगत कर जमीन खरीदी मामले में कम स्टाम्प शुल्क लगाकर खरीदारों से मन माफ्कि रकम लेकर यह का खेल खेला जा रहा है। जिस पर संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है।

सिमगा उपपंजीयक के रूप में पिछले तीन वर्षों से पदस्थ है जो मुख्यालय में न रहकर नियम विरुद्ध प्रतिदिन रायपुर से बस से आना जाना करती थी। जो अब अपने स्वयं के कार से आना जाना करती है। रजिस्ट्री कार्य में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार कर उनके द्वारा अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ राज्य आर्थिक अपराध शाखा से जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। तथा रामानंद तिवारी ने इस मामले की शिकायत जिलाधीश महोदय बलौदाबाजार से की है।

# अंवरी सहकारी समिति में किसानों का हुआ सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भखारा, 30 दिसम्बर।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अंवरी पंजीयन क्रमांक - 227 में गत दिनों कृषक संगोष्ठी सह कृषक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों का सम्मान समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, समिति प्रबंधक हनुमान सिन्हा के द्वारा पुष्पहार और गुलाल लगाकर किया गया।

इस अवसर पर किसानों को सरकार और बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। समिति के अधिकारियों ने ऋण प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। इसके अलावा, समिति द्वारा माइक्रो एटीएम की सुविधाओं के बारे में भी बताया गया।

किसानों को राशि आहरण, जमा, एक खाते से दूसरे खाते में धन अंतरण, पिन जनरेट और पिन रिसेट की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान समिति के एक किसान को उनके एटीएम के माध्यम से 10 हजार रुपये की नकद राशि का भुगतान किया गया। इस भुगतान को अन्य किसानों के सामने प्रदर्शित किया गया ताकि वे भी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। किसान सम्मान कार्यक्रम से किसानों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर समिति प्राधिकृत अधिकारी कामता प्रसाद साहू ने किसानों को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अटल जी के सपने को पूरा कर रहा है अटल जी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि हृदय सरल व्यक्तित्व थे। अटल जी की याद में उनका जन्मदिन 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। अटल जी का सपना था- एक सशक्त, समृद्ध और खुशहाल भारत। उसी सपने को साकार करते हुए छत्तीसगढ़ आज शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्राधिकृत अधिकारी कामता प्रसाद साहू, प्रबंधक हनुमान सिन्हा, लेखराम साहू, गंगा प्रसाद साहू, आनंद यदु, शिवकुमार साहू, भूपेंद्र साहू, लखन अग्रवाल, लोकेश गायकवाड़, इंदल राम, कृष्ण कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक गण उपस्थित रहे।

# 31 को धमतरी आयेंगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देवपुर में नवनिर्मित सतखाम का करेंगे लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 30 दिसम्बर।** सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण की ओर से 31 दिसंबर को देवपुर में आयोजित होने वाली ब्लॉक स्तरीय गुरु घासीदास जयंती व नवनिर्मित सतखाम की लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण हो चुकी है ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र भारती ने बताया कि विगत कुछ महीनों से देवपुर में नया सतखाम का निर्माण कराया जा रहा है जो कि बनकर पूरी तरह से तैयार हो चुका है जिसकी लोकार्पण कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल को न्यौता दिया जा चुका है द्य साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी करेंगे, विशिष्ट अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, कपिल देशलहरे अध्यक्ष जिला सतनामी समाज धमतरी, चेतन यदु, भीखुराम सोनवानी, शरद लोहना, विजय देवांगन, निशु चंद्राकर, कविता बाबर, आनंद पावर, इतवारी गावस्कर, दीपचंद भारती, सुरेंद्र कुर्रे, रमेश लहरे, मणिकांत जोशी, विजय सोनवानी, मोहन जांगड़े, रामेश्वर कुर्रे, चंद्रप्रकाश पाटले, दिनेश चंद्राकर, रामकुमार कौशल, लोकेश लहरे, अमृतदास सोनवानी, गणेशू राम डहरिया शामिल होंगे।

इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए पंथी पार्टीयो के द्वारा पंथी नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। सतखाम में पूजा अर्चना और पालो चढ़ाने के लिए छत्रपाल महाराज(पंडित) ग्राम अरंड के द्वारा गुरु गद्दी स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आस पास के ग्रामीणों को व समाजजनो को निमंत्रण दिया जा रहा है द्य ब्लॉक सचिव भगवान सिंह ने कहा कि सतखाम जो की सतनामी समाज का प्रतीक चिन्ह व सत का प्रतीक है देवपुर के पवित्र भूमि पर बाबा गुरु घासीदास जी का प्रतीक सतखाम की स्थापित होना पूरे समाज के लिए गौरव की बात है। इस कार्यक्रम में उत्साहित समाज जनो में रामेश्वर कुर्रे, विनोद डिंडोलकर, मणिकांत जोशी, गुहरिराम, नवीन मार्कण्डेय, भूपेंद्र भारती, अर्जुन सोनवानी सत्यनारायण टोंडे, ताकेश्वर बघेल, जितेंद्र जांगड़े, अलख राम, शिव कुर्रे अमृतलाल सोनवानी राहुल सतनामी, लोकेश गायकवाड़, सूरज बांधे, योगेश कोसरिया, किरण पीपरछेड़ी पंकज खरे सहित समाजजन उत्साहित है।

## बाल सखाओं का मिलन समारोह आयोजित

# पुराने दिन याद कर खिले बाल सखाओं के चेहरे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 30 दिसम्बर।** वर्ष 1965 में बलौदाबाजार में पढ़ाई के रूप में अपने जीवन का पहला पड़ाव की शुरूआत करने वाले बाल सखाओं का सपत्निक मिलन समारोह लोकायन, देशबंधु परिसर रजबंधा तालाब रायपुर में वर्तमान में रायपुर में निवास करने वाले सहपाठी नितीश श्रीवास्तव, सुनील दीवान, किशोर सर्राफ विष्णु प्रसन्न तिवारी, हीरा रिझवानी एवं अशोक सोनी द्वारा 27 दिसंबर शुक्रवार को आयोजन किया गया जिसमें रायपुर सहित बलौदाबाजार, भिलाई, महासमुंद एवं बिलाईगढ़ सहित आसपास के अधिकतम सह्याठी अपने पत्नि सहित उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से प्रारंभ हुआ। नितिश श्रीवास्तव द्वारा स्वागत् भाषण पढा गया तत्पश्चात् उपस्थित सभी सह्याठीगण द्वारा वर्तमान में अपने परिवार, व्यवसाय एवं निवास के संबंध में विस्तार पूर्वक परिचय दिया गया। परिचय उपरांत गीत, संगीत, कविता एवं उपस्थित महिलाओं द्वारा भजन तथा नाच-गाना प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन अजेश त्रिवेदी द्वारा किया गया। विजय साहू, अजेश त्रिवेदी एवं उपस्थित महिलाओं द्वारा सामुहिक सुन्दर भजन, गीत संगीत प्रस्तुत किया गया वही सतीश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा दोस्ती पर आधारित कविता सुनाया गया।

रायपुर के सह्याठियों द्वारा बाहर से आये सभी बाल साखाओं को स्वरूचिभोज कराया गया। भोजन पश्चात् आकर्षक खेल का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। अंत में राष्ट्रगान के पश्चात् सभी उपस्थित सह्याठियों द्वारा भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में बलौदाबाजार से सुधीर अग्रवाल, अशोक जैन, अशोक हरिरमानी, चन्द्रपाल, सुभाष केसरवानी, प्रवीण विश्नोई, योगेश अग्रवाल, कमल दीक्षित सहित सतीश चन्द्र श्रीवास्तव, वीनम श्रीवास्तव, सतीश कुमार अग्रवाल, कल्याणी अग्रवाल एवं टेकराम, नंदनी साहू, भिलाई से खुशाला चांवडा, योगिता चांवडा, रायपुर से ममता दीवान, उषा सर्राफ रागिनी श्रीवास्तव, सीमा तिवारी, रानी रिझवानी, शोभा सोनी, महासमुंद से विजय साहू, सुरेश मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति एवं सक्रिय भूमिका रही है।

## समाचार संक्षेप

### केंद्रीय अल्पसंख्यक राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन से प्रकाश मोदी ने मुलाकात कर की चर्चा



**भाटापारा, 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार अल्पसंख्यक विभाग आयोग के एक्सपर्ट पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी ने दिल्ली में अल्पसंख्यक आयोग के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन से सौजन्य भेंट की, उन्हें शाल दुपट्टे से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए विशेष कार्य योजना लागू करने के लिए उनसे विस्तृत रूप से चर्चा हुई। उन्होंने उस पर ध्यान देने का आश्वासन दिया। जल्द ही नई कुछ योजनाएं बनाई जाएगी उसकी जानकारी भेजेंगे। साथ में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्नाप्पा जिन कुमार गुंडे भी साथ में रहे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में अकलतरा की टीम विजयी



**सिमगा, 30 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत करहुल में फाइनल क्रिकेट मैच में करहुल एवं अकलतरा के मध्य खेला गया। जिसमें अकलतरा की टीम ने जीत हासिल किया। करहुल की टीम उपविजेता रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में गंगा ओगरे सभापति जनपद पंचायत सिमगा गीतेश बंजारे राजेश भारती उदय घृतलहरें रोशन साहू रिंकू साहू घनश्याम साहू आशीष निषाद सहित अन्य खिलाड़ी एव खेलप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हॉटकचोरा जगदलपुर में स्थित दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत भवन क्र. एल.आई.जी. फ्लैट भुतल-08/86 जो कि श्री पंकज कुमार भुवाल पिता- श्री रामखिलावन भुवाल को मण्डल द्वारा आबंटित है। श्री पंकज कुमार भुवाल पिता- श्री रामखिलावन भुवाल के द्वारा श्री दिग्विजय सिंह वर्मा पिता- श्री बंसत सिंह वर्मा को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल संभाग जगदलपुर द्वारा भाड़ाक्रय आवास योजनांर्तगत अघनपुर में स्थित निर्मित भवनों में MIG II- 37 जो कि श्री गोपेन्द्र सिंह गोलदार पिता श्री मनमोहन गोलदार को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्री गोपेन्द्र सिंह गोलदार पिता श्री मनमोहन गोलदार के द्वारा सना फतिमा पति- गुलशन जमीर शाह एवं गुलशन जमीर शाह पिता- मकदुम शाह को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अघनपुर जगदलपुर में स्थित भाडाक्रय आवास योजनान्तर्गत भवन क्र. एच.आई.जी-02 जो कि श्री गुरमीत सिंह बदेशा पिता- स्व. श्री मनजीत सिंह बदेशा को मण्डल द्वारा आबंटित है। श्री गुरमीत सिंह बदेशा पिता - स्व. श्री मनजीत सिंह बदेशा के द्वारा उनके पुत्र श्री ब्रम्हजोत सिंह बदेशा पिता- श्री गुरमीत सिंह बदेशा को दान करने हेतु दान विलेख की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत स्ववित्तीय ऑफर आधार पर निर्माणाधीन भवन क्रमांक HIG Ind/3BHK (BLOCK-B) Third Floor B-32 जो कि श्री ऋषि तिवारी पिता श्री बालकृष्णा तिवारी को मण्डल द्वारा इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 754 दिनांक 31/07/2024 द्वारा आंवटित है।

मुल आबंटित श्री ऋषि तिवारी का स्वर्गवास दिनांक 20.10.2024 को हो गया है। उनके मृत्यु उपरान्त उनकी पत्नी श्री समीक्षा तिवारी द्वारा सहमति पत्र नोटरी से सत्यापित कराकर भवन के स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के आधार पर उनके नाम से नामांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-जगदलपुर**

# आनंद, अजीत कुकरेजा की वापसी का कुलदीप जुनेजा ने किया विरोध

## कांग्रेस को हराने का लगाया आरोप

**रायपुर 30 दिसंबर।** कांग्रेस में बागियों की घर वापसी का विरोध होने लगा है. पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने अजीत और आनंद कुकरेजा पर विधानसभा चुनाव में उन्हें हराने का आरोप लगाते हुए पार्टी में वापसी पर विरोध जताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात कर पत्र सौंपा है. पूर्व विधायक कुलदीप सिंग जुनेजा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नाम से लिखे पत्र में कहा कि हमारी पार्टी ने सदैव हमें एकता का पाठ पढ़ाया और सूत्र में बांधे रखा है, लेकिन कुछ विघ्न संतोषी लोग पैसे के दंभ पर पार्टी को खरीदने का काम करते हैं, ऐसे ही कुछ लोग में आनंद कुकरेजा अजीत कुकरेजा का परिवार है. 2013 में जब मैं विधानसभा चुनाव लड़ा था, तब लोगों को भड़काने और क्षेत्र से बाहर भेजने का काम किया था जिससे पार्टी को नुकसान हुआ था. उसके बाद 2018 के चुनाव में भी उन्होंने इसी क्रियाकलाप को अपनाया था, मगर हम पार्टी के अन्य वफ़ादार कार्यकर्ताओं की मेहनत से चुनाव जीत गये थे. 2023 के विधानसभा चुनाव के समय भी उनकी यह मानसिकता फिर से उभर के सामने आई.



अजीत कुकरेजा ने निर्दलीय चुनाव मेरे खिलाफ लड़ा और लोगो को मेरे खिलाफ भड़काया जिससे कांग्रेस का गढ़ उत्तर विधानसभा में मुझे हार का सामना करना पड़ा. अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा को पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखाया था, मगर उन्होंने फिर से कांग्रेस प्रवेश कर लिया था और इस चुनाव के बाद भी पैसे के बल पर पार्टी में प्रवेश के लिए प्रयासरत है।

कुलदीप जुनेजा ने कहा कि अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा के कारण मैं चुनाव हार गया नहीं तो आज भी कांग्रेस का एक और प्रत्याशी जीत कर विधानसभा में होता।

## एक नजर

### पुलिस ऑफिसर ने खुद को मारी गोली

**रायपुर 30 दिसंबर।** रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय ( पीएचक्यू ) में ड्यूटी पर तैनात इंस्पेक्टर ने खुद को गोली मार ली। बताया जाता है कि इंस्पेक्टर बटालियन का अफसर था और पीएचक्यू में ड्यूटी कर रहा था। घटना नवा रायपुर के राखी थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि ऑफिसर कंपनी कमांडर के पद पर 22वीं बटालियन में पदस्थ था। घटना की सूचना पर पुलिस महकमे के ऑफिसर्स मौके पर पहुंचे। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल,कंपनी कमांडर ने खुद को गोली मारकर सुसाइड क्यों की ?, इसके बारे में अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। मृतक इंस्पेक्टर अनिल सिंह दुर्ग जिले का निवासी था और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में 14वीं बटालियन में कंपनी कमांडर के पद पर पदस्थ था। पीएचक्यू के गेट नं-3 में सुरक्षा में उसकी ड्यूटी लगी थी। उन्होंने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। आवाज सुनते ही आसपास के पुलिसकर्मी पहुंचे। मौके पर आला अधिकारी भी पहुंचे। फिलहाल, पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर सालभर होगा कार्यक्रम

**रायपुर 30 दिसंबर।** दिल्ली में भाजपा पदाधिकारियों की हुई बैठक में शामिल होने होकर लौटे प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष अलग-अलग चरणों में मनाया जाएगा. 25 दिसंबर 2025 तक जन्मदिन कार्यक्रम चलेगा. किरण सिंहदेव ने बताया कि कल दिल्ली में महत्त्वपूर्ण बैठक हुई है. बैठक में पार्टी के सारे प्रदेश के अध्यक्ष, प्रभारी, वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए. संगठन चुनाव को लेकर चर्चा हुई. नगरीय निकाय चुनाव और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा हुई. सिंहदेव ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का शताब्दी वर्ष अलग-अलग चरणों में मनाया जाएगा. इसके अलावा संविधान के 75वें वर्ष में विभिन्न चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा. विचार गोष्ठी, गुड गवर्नेंस और विकास के दृष्टि से कार्यक्रम होंगे.

### पोते ने नानी को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

**रायपुर 30 दिसंबर।** खमतराई पुलिस ने बुजुर्ग महिला के हत्या के मामले में उसके पोता को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए खमतराई पुलिस ने बताया कि 3 नवम्बर को शहीद नगर में एक बुजुर्ग महिला भुरी बाई 75 वर्ष की घर में खून से लथपथ लाश मिली थी। जिसमें पुलिस ने जांच के दौरान हत्या का अपराध दर्ज कर मृतिका के पोता प्रेम यादव 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**रायपुर 30 दिसंबर।** संतोषीनगर ओव्हरब्रीज के ऊपर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार अधेड़ को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुरेन्द्र सिंह 47 वर्ष चंगोराभाठा का रहने वाला था। बताया जाता है कि सुरेन्द्र अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी संतोषीनगर ओव्हरब्रीज के ऊपर एक तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 एनजे 3522 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे सुरेन्द्र की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### राज्य में अब पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**रायपुर 30 दिसंबर।** प्रदेश में एक फि्र मौसम बदला हुआ है. जिससे आगामी ने साल की शुरुआत में लोगों को कंपकंपाती ठंड का सामना करना पड़ेगा. दरअसल मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक यहां पर मौसम शुष्क रहने की चेतावनी जारी की है. जिसके चलते आज से तापमान में गिरावट होगी. सूत्रों के मुताबिक अगले दो जनवरी तक प्रदेश का न्यूनतम तापमान में 6 से 8 डिग्री तक गिरावट होने के आसार है। वहीं अगर बाकी आनी जिलों कि बात करें तो भरतपुर और मनेन्द्रगढ़ जिले में रविवार को बारिश हुई है.यहां का अधिकतम लगभग 31.2 डिग्री तक दर्ज किए गए हैं. वहीं दूसरी ओर सबसे ज्यादा ठंडा रहा बलरामपुर रहा हैं. और अधिकतम तापमान 12.6 डिग्री तक दर्ज किए गए हैं. इस कड़ी में मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा बताया कि, उत्तरी शेत्र में शीतलहर के चलते 31 दिसंबर के बाद से यानि नए साल की शुरुआत में अधिक ठंड बढ़ेगी।

### छत्तीसगढ़ में ओबीसी वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की मांग

**रायपुर 30 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी के आदिवासी विंग के प्रदेश अध्यक्ष मेहरसिंह वट्टी ने छत्तीसगढ़ सरकार के ओबीसी आरक्षण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग की लगभग 50 प्रतिशत आबादी है, और बस्तर और सरगुजा संभाग में आदिवासी समाज के बाद सबसे अधिक ओबीसी वर्ग है। वट्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने ओबीसी के आरक्षण में कोई बढ़ोतरी करने के बजाय उसे कम कर दिया है। सरगुजा और बस्तर संभाग में ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया है। इसके अलावा, नगरीय निकायों और पंचायतों में भी ओबीसी आरक्षण में कमी आई है, जिसका प्रभाव त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में ओबीसी वर्ग पर पड़ेगा। वट्टी ने चेतावनी दी कि इससे ओबीसी वर्ग में गहरा आक्रोश है, और अगर सरकार ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया, तो ओबीसी वर्ग एक बड़ा आंदोलन करेगा।

# कवासी व हरीश से ईडी करेगी पूछताछ, सुशील ओझा लापता

**रायपुर 30 दिसंबर।** 2500 करोड़ रुपये के बहुचर्चित आबकारी घोटाले में आज पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा और दो अन्य सहयोगियों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूछताछ करेगी। वहीं, मामले में शामिल एक अन्य सहयोगी और कांग्रेस नेता सुशील ओझा के रायपुर से लापता होने की खबर है। ईडी ने शनिवार को कवासी लखमा और उनके करीबियों के आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल सबूत बरामद किए गए। ईडी ने उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं और साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से इन्हें डिकोड कर लिया गया है। आज की पूछताछ में ईडी कवासी लखमा से



कथित रूप से घोटाले की रकम में उनकी हिस्सेदारी, बेटे हरीश, सुकमा पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू और ठेकेदार राजभुवन भदौरिया के जरिए हुए निवेश और फंड वितरण पर सवाल करेगी। ईडी के पूर्व ईसीआईआर में आरोप लगाया गया था कि कवासी लखमा को हर महीने 50 लाख रुपये दिए जाते थे। हालांकि, कवासी लखमा ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। शनिवार को ईडी ने कवासी लखमा से 10 घंटे तक पूछताछ की थी। यह पूछताछ पहले भेजे गए कई समन के बावजूद उनके सहयोग न करने के कारण दबिश के बाद की गई। सूत्रों के मुताबिक, आज की पूछताछ के बाद कुछ और अधिकारियों और कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं पर ईडी की जांच का दायरा और गहरा सकता है। मामले पर पूरे प्रदेश की निगाहें ईडी के पुजारी पार्क स्थित कार्यालय पर टिकी हुई हैं।

## नशीली टेबलेट के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 30 दिसंबर।** राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरडीए बिल्डिंग के पीछे खाली प्लाट के पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ एक एक्टिवा सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक्टिवा सवार दो युवक प्रतिबंधित स्पास्मो प्रोक्सीवन टेबलेट खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस के टीम ने आरडीए बिल्डिंग के पीछे खाली प्लाट के पास दबिश देकर आरोपी प्रेम बघेल 26 वर्ष, किशोर हरपाल एवं संजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 720 नग स्पास्मो प्रोक्सीवन टेबलेटट को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# पिछड़ा वर्ग समाज के आरक्षण में कटौती दुर्भाग्यपूर्ण, बस्तर से कमजोर नेतृत्व है इसका प्रमुख कारण: कोमल हुपेण्डी

**रायपुर, 30 दिसंबर।** आदिवासी नेता कोमल हुपेण्डी ने प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समाज के आरक्षण में की गई कटौती को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कड़ी आलोचना की है। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हुपेण्डी ने कहा कि प्रदेश की कुल जनसंख्या में पिछड़ा वर्ग समाज की बड़ी हिस्सेदारी होने के बावजूद नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में आरक्षण कम कर दिया जाना अत्यंत निंदनीय है।



हुपेण्डी ने इसे बस्तर में संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक व्यवस्था पर कुठाराघात करने का प्रयास बताया। उन्होंने बस्तर से निर्वाचित प्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनके कमजोर नेतृत्व के कारण ही आज प्रदेश के बड़े वर्ग को सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ा है।

हुपेण्डी ने यह भी कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज की इस अधिकार की लड़ाई में अकेला नहीं है, बल्कि पूरा बस्तर उनके साथ है। उन्होंने सरकार से अपील की कि बस्तर के मूल निवासी अधिकार मांगने में ही नहीं, बल्कि उसे छीनकर लेने में भी सक्षम हैं। हुपेण्डी ने संकल्प लिया कि पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया जाएगा।

# डीजीपी के लिए राज्य शासन ने केंद्र को भेजे पवन, अरुण व हिमांशु के नाम

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन ने पुलिस महानिदेशक पद के लिए तीन पुलिस अधिकारियों के नामों का पैनल बनाकर केंद्र शासन को भेज दिया है। केंद्र शासन की अनुशंसा के पश्चात ही नए पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी। छत्तीसगढ़ में वर्तमान महानिदेशक अशोक जुनेजा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

केंद्र शासन की गाइडलाइन के अनुसार राज्य में पुलिस महानिदेशक वही अधिकारी बन सकता है जो दो वर्ष पुलिस महानिदेशक के पद पर अथवा इसके समकक्ष पद पर कार्यरत हो। नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक का कार्यकाल नियमतः दो वर्ष होगा। राज्य शासन द्वारा तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा गया है। इनके नाम पवन देव, अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता हैं। इनमें गौतम सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। राज्य शासन केंद्र की अनुशंसा के पश्चात ही नए पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति करेगा। वर्तमान में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत प्रशांत ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों को डीआईजी के पद पर प्रमोट किया जाएगा। वहीं एसपी के पद पर कार्यरत अधिकारियों को एसएसपी के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। नए वर्ष में पीएचक्यू में नए अधिकारियों की फौज रहेगी। वर्तमान में एसआर कल्लूरी स्थापना एवं अमित अग्रवाल खुफिया एजेंसी का कार्यभार देख रहे हैं। इनके कार्यभार में भी परिवर्तन हो सकता है।

**अंबिकापुर में नए संभागायुक्त होंगे तैनात :** वर्तमान संभागायुक्त सी. चुरेन्द्र 31 दिसम्बर को अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। इनके स्थान पर किसी नए अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। शासन द्वारा शीघ्र ही नए अधिकारियों को कार्यभार सौंपा जाएगा। आईएएस अधिकारियों को भी सचिव के पद पर पदोन्नति देने की तैयारी चल रही है जिसके चलते कई अधिकारी लाभान्वित होंगे। समझा जाता है कि राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही एक प्रशासनिक सर्जरी की जाएगी।

# प्रत्याशी चयन के लिए कांग्रेस-भाजपा बना रहे मापदंड

**प्रत्याशी बनने कई मापदंडों पर उतरना होगा खरा**

**रायपुर, 30 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी तेज हो चुकी है. बीजेपी और कांग्रेस अपने प्रत्याशी के चयन के लिए सर्वे कराएगी. प्रत्याशी चयन में सर्वे प्रमुख आधार बनेगी. दोनों ही पार्टी जीतने वाले कैंडिडेट पर भरोसा जताएगी। हालांकि अभी चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है और सभी की नजर राज्य निवार्चन आयोग की ओर टिकी हुई है कि कब आचार संहिता लागू हो जाए। दूसरी ओर राज्य की दोनों प्रमुख पार्टियां अपने-अपने संभावित उम्मीदवारों की तलाश और चयन के लिए अभी से मापदंड निर्धारित करने में लगी हुई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल इस बात के लिए आश्वस्त है कि इस बार नगरीय निकाय चुनाव में उनकी शानदार जीत होगी। अब तक यह देखने में आया है कि राज्य में यदि कांग्रेस का शासन है तो भाजपा के प्रत्याशी नगरीय निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं और राज्य के अधिकांश निकायों में भाजपा का दबदबा रहता है। वहीं भाजपा शासनकाल में राजधानी रायपुर में कई महापौर कांग्रेस के बने। ऐसे में दोनों ही दल इस बात के लिए पूरा मेहनत कर रहे हैं कि इस बार भी नगरीय निकाय चुनाव में उनके दल का दबदबा बना रहे।

# नए मतदाताओं के नाम जोड़ने से वोटरों की संख्या में होगी वृद्धि

**नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए बनेगी नई मतदाता सूची**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 30 दिसम्बर।** सुप्रीम कोर्ट और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने के बाद नगरीय निकायों और पंचायत चुनावों में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हो जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 180 नगरीय निकायों के चुनाव कराने के लिए निरंतर तिथि बढ़ाई जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों का नाम 15 जनवरी तक जोड़ा जाएगा। वर्तमान में मतदाता सूची को अपग्रेड करना पड़ेगा। शासन के बदलते निर्देशों के कारण विभिन्न जिलों के कलेक्टर काफी परेशान हैं। मतदाता सूची का



अंतिम प्रकाशन करने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए थे। अब नई मतदाता सूची के लिए पुनः टेंडर बुलाया जाएगा जिससे सरकार को आर्थिक क्षति उठानी पड़ेगी। वर्तमान में नगरीय निकायों में मतदाताओं की संख्या एक करोड़ के आसपास हैं जो कि बढ़ जाएगी। नगरीय निकाय चुनाव के सभी दावेदार बढ़ती तिथियों के कारण परेशान हैं। कई लोगों ने तो अपना चुनावी कार्यालय भी खोल लिया है। दावेदार नए वर्ष की बधाई दे रहे हैं। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए घोषित होने के पश्चात विभिन्न समाज के महत्वाकांक्षी दावेदार कांग्रेस और भाजपा कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इस समय संघ के पदाधिकारियों की पूछपरख काफी बढ़ गई है। महापौर के लिए आरक्षण सात जनवरी को होगा। अधिकारियों के अनुसार 15 जनवरी तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसलिए अब चुनाव फरवरी माह में ही संभव हो पाएंगे।

राज्य में पंचायत चुनाव के लिए भी आरक्षण की तिथियां बदली जा रही है। जिला व जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने वाले दावेदार सक्रिय हो गए हैं। रायपुर जिला पंचायत में सदस्यों की संख्या 16 है। वर्तमान में अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा है। इनका कार्यकाल फरवरी में समाप्त हो जाएगा। पंच-सरपंच एवं जनपद चुनाव लड़ने वाले दावेदार आरक्षण का इंतजार कर रहे हैं। इसके पश्चात ही वे अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# चेंबर का भिलाई में व्यापार मेला 16 जनवरी से

**रायपुर 30 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर व्यापार मेला ÷व्यापार महोत्सव 2025 16 से 19 जनवरी 2025 को रॉयल क्रिस्टल गार्डन भिलाई क्लब के पास सिविक सेंटर भिलाई में होने जा रहा है।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि व्यापार की नई उड़ान,संभावनाओं का आसमान इस नए संदेश के साथ छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर व्यापार मेला ÷व्यापार महोत्सव 2025÷ भिलाई में होने जा रहा है।इस चार दिवसीय आयोजन में लगभग 1 लाख से अधिक लोग इस व्यापार मेले में शामिल होंगे। ÷व्यापार महोत्सव 2025÷ व्यापारियों के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा जो उनके व्यापार और उद्योग और भी आगे तक ले जायेगा। इस सबसे बड़े व्यापार महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ विवेक बिंद्रा व्यापारियों को एक नई ऊर्जा देंगे और बदलते परिवेश में व्यापार को अपडेट कैसे करे इस विषय पर विशेष प्रकाश डालेंगे। डॉ विवेक बिंद्रा अपना उद्बोधन शाम 5 बजे प्रारम्भ करेंगे । साथ ही भिलाई शहर के 250 प्रतिष्ठित दुकानों में आमत्रण कार्ड वितरित किये जायेंगे। आमंत्रण कार्ड लेकर इस मेले में आने वाले प्रत्येक दर्शक को उपहार दिया जाएगा। चेंबर प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन ने व्यापार मेला व्यापार महोत्सव 2025÷ की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिदिन व्यापरियो को अपग्रेड करने कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के उद्घाटन में चेम्बर के वरिष्ठ पदाधिकारियो ने लाल पर्दा उठाकर पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर चेंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन,भिलाई चेम्बर इकाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा,ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री इंद्रजीत सिंग(छोटू),बी एन आई चेप्टर हेड श्री भूपेंद्र कुमार नेमा ,श्री नरेश जसवानी ,महिला चेम्बर अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही व अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# क्विक कॉमर्स कंपनियां रिटेल बाज़ार को विकृत कर रही

**रायपुर 30 दिसंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल को एक पत्र भेजकर उनका ध्यान क्विक कॉमर्स कंपनियों की नियम एवं कानून का उल्लंघन करने की ओर दिलाते हुए कहा है कि ये कंपनियां विदेशी निवेश का दुरुपयोग करते हुए देश के रिटेल बाज़ार को विकृत कर रही हैं जिससे छोटे दुकानदारों के लिए बड़ा ख़तरा उत्पन्न हो गया है। ज्ञातव्य है कि कैट ने कुछ दिन पहले इस मुद्दे पर एक श्वेत पत्र भी जारी किया था जिसकी एक प्रति




कैट ने श्री गोयल को भी भेजी है। कैट इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी एक पत्र के साथ श्वेत पत्र भेज रहा है ।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स जैसे ब्लिंकिट, इंस्टामार्ट, ज़ेप्टो, स्विगी आदि पर प्रत्यक् विदेशी निवेश (एफडीआई) के ज़रिए प्राप्त धन का दुरुपयोग लगाने का आरोप लगते हुए कहा है की इससे ये कम्पनियाँ सामान आपूर्तिकर्ताओं पर अपना नियंत्रण रखते हुए इन्वेंटरी पर प्रभुत्व और सामान के मूल्यों के निर्धारण में मनमानी कर रही हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य गली - मोहल्लों की छोटी किराना एवं अन्य सामान की दुकानों को खत्म कर उनके बाज़ार पर कब्जा करना है। ई कॉमर्स की विदेशी कंपनियों की तरह ये कंपनियां क्विक कॉमर्स के ज़रिए भारतीय खुदरा बाज़ार को ख़राब करने पर तुली हुई हैं। कैट ने कहा कि ऐसी व्यापारिक रणनीतियों के ज़रिए ये कंपनियाँ प्रतिस्पर्धा को धता बताते हुए एक असमान बाजार बनाती हैं, जहां देश भर में लगभग 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों का टिक पाना लगभग असंभव हो गया है। श्री पारवानी एवं श्री दोषी ने क्विक कॉमर्स कंपनियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की ये कंपनियाँ छोटे खुदरा विक्रेताओं को बाजार से बाहर धकेलने का काम कर रही हैं। सीधे तौर पर ये कंपनियाँ न केवल एफडीआई पालिसी का उल्लंघन कर रही हैं बल्कि कम्पलीशन एक्ट का भी मजाक उड़ा रही हैं। भारत के नियम एवं कानूनों की इन कंपनियों को कोई परवाह नहीं है। श्री पारवानी एवं श्री दोषी ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल की कुछ दिन पहले की गई टिप्पणियों का स्भी उल्लेख किया।

# पूर्व मंत्री कंवर ने लगाया डीएमएफ में 10 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप

**रायपुर 30 दिसंबर।** पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर अक्सर अपनी सरकार के खिलाफ दिए गए बयानों और आरोपों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं. इस बार उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में डीएमएफ फंड से हुए करीब 10 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है. ननकीराम कंवर ने कलेक्टरों की भूमिका पर भी सवाल उठाया है. उन्होंने कोरबा कलेक्टर पर एक निजी कंपनी को फायदा पहुँचाने का आरोप लगते हुए जांच के दायरे में लाने की माँग की है. पूर्व मंत्री ने अपने आरोप में कहा है कि कोरबा कलेक्टर अजीत बसंत ने फ्लोरा मैक्स कंपनी को फायदा दिलाने के पक्ष में काम किया है. पूर्व मंत्री कंवर ने इस मामले में एसपी पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है. उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा सीबीआई को की गई शिकायत में दावा किया है कि केंद्र सरकार बिहान योजना के तहत महिलाओं को लोन देती है. केंद्र की इस योजना में यह घोटाला किया है और इस घोटाले से 40 हजार से अधिक महिलाएं केवल कोरबा में प्रभावित हुई हैं।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26